# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 30 मार्च 2024


# पिता की हत्या, भाई पर हमला, सुनवाई नहीं हुई तो चुनावी मैदान पर कूदा डॉक्टर

## बीजापुर का आदिवासी किर्गिस्तान से एमडी करके आया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट से एक आदिवासी युवा डॉक्टर प्रकाश कुमार गोटा निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान पर हैं। वे इस चुनाव में राजनीति करने के शौक को लेकर नहीं कूदे हैं। चुनाव में उतरने की जरूरत उन्हें सिस्टम के खिलाफ लड़ाई करने और प्रताड़ना के खिलाफ है। प्रकाश गोटा के पिता की बस्तर में नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। जब वे किर्गिस्तान से डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी कर गांव लौटे, तो उनके भाई का नक्सलियों ने अपहरण कर भारी प्रताड़ना दी। इसकी वजह से वह कई महीनों से कोमा में हैं। प्रकाश गोटा का कहना है कि सरकार और प्रशासन ने कभी उनकी बात नहीं सुनी, न्याय नहीं मिला इसलिए चुनाव मैदान पर आए, ताकि खुद के परिवार और बस्तर में रहने वाले अपनी तरह के लोगों को न्याय दिला सकें।

बस्तर लोकसभा सीट के इस डॉक्टर प्रत्याशी की हालत ये है कि वे अपने गांव बीजापुर जिले के फरसेगढ़ में जाने की स्थिति में ▶▶| शेष पेज 7 पर

- 2012 में प्रकाश के पिता को नक्सलियों ने मारडाला था
- पिछले साल भाई का अपहरण हुआ



सरकार, प्रशासन से नहीं मिला न्याय, इसलिए चुनाव मैदान पर




### डॉक्टर बनकर लौटा तो घर पर आई मुसीबत

प्रकाश कुमार गोटा ने बताया कि जून-जुलाई 2023 में वे किर्गिस्तान से डॉक्टरी (एमडी) की पढ़ाई पूरी करके अपने गांव लौटे थे। इसी समय अगस्त में उनके भाई भाजपा के जिला प्रचार प्रमुख महेश कुमार गोटा का नक्सलियों ने अपहरण कर लिया। 20 अगस्त को अपहरण के बाद अगले दिन उन्हें नक्सलियों ने बुरी तरह मारपीट कर जख्मी कर दिया था। प्रकाश गोटा ने अपने भाई को नक्सलियों से बचाया और छुड़ाकर घर लाए। जगदलपुर के अस्पताल में इलाज करवाया। हालत अत्यंत गंभीर होने पर दिल्ली ले गए। वहां उसे ब्रेन इंजरी हो गई। इसके बाद से महेश कुमार गोटा आज तक कोमा में है, और जिंदगी-मौत से जूझ रहा है।

### पिता की नक्सलियों ने की थी हत्या

प्रकाश गोटा के पिता चिन्नाराम सलवा जुड़ुम के नेता थे। 2012 में नक्सलियों ने उनकी हत्या कर दी थी, लेकिन इस घटना के बाद भी उन्हें सरकार से कोई मदद नहीं मिली। इस घटना के बाद भी परिवार नक्सलियों के निशाने पर बना रहा। प्रकाश के भाई की हत्या के बाद कई बार नक्सलियों ने प्रताड़ित किया। फसलें बरबाद कर दी। गाड़ी जला दी। अभी भी बीजापुर में गोटा परिवार के सामने जान का खतरा है। प्रकाश गोटा की सबसे बड़ी परेशानी ये है कि किसी भी पार्टी की सरकार और प्रशासन ने कोई मदद नहीं की। वे कई नेताओं और प्रशासन के अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखे चुके हैं, लेकिन कहीं से कोई सहायता नहीं मिली।

### बस्तर में जिंदा रहना ही सबसे बड़ा मुद्दा

बस्तर लोकसभा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी प्रकाश कुमार गोटा का कहना है कि बस्तर में अभी भी लोग परेशान और प्रताड़ित हैं। उनका ये दावा भी है हजारों की संख्या में ऐसे परेशान प्रताड़ित लोग उनसे जुड़े हैं। उनके कहने पर ही उन्होंने चुनाव लड़ने का रास्ता चुना है। वे कहते हैं कि मैं गांव में डॉक्टरी करना चाहता था, लेकिन अब मेरे पास कोई विकल्प नहीं बचा है। बस्तर में जिंदा रहना ही सबसे बड़ा मुद्दा है।






## कांग्रेस की दिन पर दिन बढ़ रहीं मुश्किलें, राहुल ने कहा- लोकतंत्र का चीरहरण

# 1800 करोड़ वसूलने आईटी का कांग्रेस को नोटिस, नेता बोले 'टैक्स-आतंकवाद'

*कांग्रेस पार्टी को लगातार झटके लग रहे हैं। बीते दिन दिल्ली हाईकोर्ट ने एक याचिका खारिज कर दी वहीं अब आयकर विभाग ने कांग्रेस को 1800 करोड़ से अधिक का डिमांड नोटिस जारी किया है। कांग्रेस ने नोटिस को भाजपा सरकार का 'कर आतंकवाद' करार देते हुए कहा कि भाजपा आम चुनाव से पहले विपक्षी दलों को आर्थिक रूप से पंगु बना रही है। वहीं भाजपा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। इसके नेता ख़ुद को देश के क़ानून से ऊपर समझते हैं। कांग्रेस नोटिस के विरोध में 30 मार्च को देशभर में प्रदर्शन करेगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आयकर विभाग की ताजा नोटिस पर कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन और जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए मांग की कि पिछले सात आठ वर्षों के लिए जिन आधारों पर कांग्रेस से 1823 करोड़ रुपए की वसूली का नोटिस दिया गया है उस कसौटी पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली की जाए। उन्होंने कहा कि आम चुनाव में विपक्ष के लिए कोई समान अवसर नहीं रह गया है।

माकन ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले समान अवसर की स्थिति को खत्म करने के लिए यह सब किया जा रहा है। आयकर अधिकारियों द्वारा 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कारण कांग्रेस पहले से ही धन की कमी का सामना कर रही है। पार्टी को मामले में उच्च न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली है और वह जल्द ही उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। पार्टी ने भाजपा पर 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ....तो, फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी



कांग्रेस को मिले नोटिस के मुद्दे पर पार्टी नेता राहुल गांधी ने परोक्ष रूप से बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्ट में लिखा, ''जब सरकार बदलेगी तो 'लोकतंत्र का चीरहरण' करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी और ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। राहुल गांधी ने वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह कह रहे हैं, ''अगर ये इनस्टिट्यूशन से अपना काम करते, अगर सीबीआई अपना काम करती, ईडी ▶▶| शेष पेज 7 पर



### कांग्रेस से जुर्माना व ब्याज सहित राशि मांगी

आयकर विभाग के ताजा नोटिस में कांग्रेस से आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए ये राशि टैक्स के तौर पर जुर्माना और ब्याज के साथ मांगी गई है। इसके चलते पार्टी की लोकसभा चुनाव से पहले चिंता और बढ़ गई है। जानकारों की मानें तो टैक्स की ये राशि अभी और बढ़ सकती हैं। आयकर विभाग अभी कांग्रेस की वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक की आय का पुनर्मूल्यांकन रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है।

### चुनाव से पहले बढ़ी कांग्रेस की चिंता

आयकर विभाग के ताजा नोटिस में कांग्रेस से आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए ये राशि टैक्स के तौर पर जुर्माना और ब्याज के साथ मांगी गई है। इसके चलते पार्टी की लोकसभा चुनाव से पहले चिंता और बढ़ गई है। आयकर विभाग अभी कांग्रेस की वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक की आय का पुनर्मूल्यांकन रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कांग्रेस की याचिका खारिज की

बीते दिन दिल्ली हाईकोर्ट ने भी कांग्रेस को झटका दिया। कांग्रेस ने कर अधिकारियों द्वारा उसके खिलाफ चार साल के लिए टैक्स के पुनर्मूल्यांकन की कार्रवाई शुरू करने के खिलाफ याचिका लगाई थी, जिसे कल हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। इससे पहले भी कांग्रेस की कई याचिकाओं को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि आयकर विभाग ने इस कार्रवाई के लिए प्रथम दृष्टया प्राप्त सबूत दिए हैं।

### कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी : अनुराग ठाकुर

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए आज यहां कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। इसके नेता ख़ुद को देश के क़ानून से ऊपर समझते हैं। ठाकुर ने कहा कि अगर देश के अन्य सभी राजनीतिक दल अपना इनकम टैक्स रिटर्न भर सकते हैं तो राहुल गांधी की पार्टी क्यों नहीं भर सकती? क्या इनके लिए हम नए कानून बना दें ताकि यह भ्रष्टाचार करें और इनके ऊपर कार्रवाई ना हो? यह इनकम टैक्स रिटर्न ना भरें और इनसे कोई पूछे भी ना? राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे पर इनकम टैक्स नहीं लगता परन्तु सभी दलों को इनकम टैक्स रिटर्न भरना होता है। क्या कांग्रेस इतनी व्यस्त थी कि वह इनकम टैक्स रिटर्न नहीं भर पाई?

## इंडियन प्रीमियर लीग 2024 — स्कोर बोर्ड

INDIAN PREMIER LEAGUE 2024

| बेंगलोर | | कोलकाता |
|---|---|---|
| 182/6 | VS | 186/3 |

7 विकेट से जीता केकेआर

47 रन, सुनील नारायण प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच: लखनऊ VS पंजाब

समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### गहरी खाई में गिरी कैब 10 श्रद्धालुओं की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रामबन के पास श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हो गया। इस हादसे में एक यात्री कैब खाई में गिर गई। इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## छूट 31 मार्च को हो रही समाप्त

# जमीनों की गाइडलाइन दर में 30 फीसदी छूट होगी खत्म, किसानों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय दी गई जमीनों की गाइड लाइन की दरों में 30 प्रतिशत की छूट 31 मार्च को समाप्त हो रही है। भाजपा सरकार इसे इसे खत्म करेगी। इसके छूट समाप्त होने से किसानों को अधिग्रहीत जमीन के मामले में अधिक राशि मिलेगी और राज्य सरकार के खजाने में करीब 800 करोड़ रुपए का राजस्व अधिक आएगा। वित्तमंत्री ओपी चौधरी का कहना है कि इससे राजस्व बढ़ेगा साथ ही किसानों को लाभ होगा।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2019 में कैबिनेट की बैठक में जमीन की सरकारी कीमत यानी कलेक्टर गाइडलाइन (बाजार दर) 30 फीसदी कम करने का फैसला किया गया था। यह ▶▶| शेष पेज 7 पर



### सरकार के खजाने में आएंगे 800 करोड़: ओपी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी के अनुसार लाइन दरों में छूट समाप्त होने से सरकार के खजाने में हर साल रजिस्ट्री से 800 करोड़ रूपए ज्यादा आएंगे। यह ऐसे की जितनी कीमत बाजार गाइड लाइन में दर्ज है उसी हिसाब से बिक्री के समय पंजीयन शुल्क लगेगा। इसकी वजह से सरकार को अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। श्री चौधरी का कहना है कि इससे किसानों को लाभ होगा और सरकार के खजाने में अतिरिक्त राजस्व आएगा।

### किसानों को मिलेगा फायदा

गाइड लाइन की दरें बदलने किसानों को लाभ इस तरह होगा। जिन किसानों को 4 लाख मुआवजा मिलना था उन्हें अब तक उन्हें केवल 2.80 लाख ही मिल रहे थे, अब 4 लाख मिल सकेंगे।

## अकासा एयर की अंतरराष्ट्रीय उड़ान हुई शुरू




**मुंबई।** एयरलाइन अकासा एयर ने मुंबई से दोहा (कतर) के लिए पहली उड़ान रवाना करने के साथ ही अपना अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू कर दिया है।

एयरलाइन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसे तीन अन्य अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों कुवैत, जेद्दा और रियाद के लिए यातायात अधिकार मिल गए हैं। अकासा आने वाले महीनों में तेजी से अपनी वैश्विक पहुंच का विस्तार करेगी।

## एनआईए को मिली बड़ी सफलता

# रामेश्वरम कैफे तक बारूद पहुंचाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मुजम्मिल शरीफ नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, अब तक की जांच में पता चला है कि मुजम्मिल शरीफ ने सीधे तौर पर दो अन्य आरोपी को रामेश्वरम कैफे तक विस्फोटक पदार्थ आईईडी पहुंचाने में मदद किया था। बीते कुछ दिनों से जांच ▶▶| शेष पेज 7 पर

### गुरुवार को भी हुई थी छापेमारी

एनआईए की टीम ने बताया कि उसने गुरुवार को भी तीन अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की। जिसमें आरोपियों के घर, दुकानों के अलावा अन्य जगह शामिल है। इस दौरान टीम को डिजिटल डिवाइस के साथ कैश भी बरामद हुआ है। मामले की जांच जारी है।

## राजू पाल हत्याकांड

# अतीक गैंग के 6 गुर्गों को उम्रकैद, 7 को क्लीन चिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बहुजन समाज पार्टी के विधायक राजू पाल हत्याकांड में विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को सात लोगों को दोषी ठहराने के बाद सजा सुनाई। वहीं 7 लोगों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। जनवरी 2005 में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दिनदहाड़े देवीलाल पाल और संदीप यादव के साथ बसपा विधायक की हत्या कर दी गई थी। सीबीआई ▶▶| शेष पेज 7 पर

### इन लोगों को हुई उम्रकैद की सजा

दोषी ठहराए गए अन्य लोगों में आबिद, फरहान अहमद, जावेद, रंजीत, इसरार, गुल हसन और अब्दुल कवि शामिल हैं। मुकदमे के दौरान गुलफूल उर्फ रफीक अहमद की भी मौत हो गई थी। फरहान को अदालत ने 4 साल की सजा सुनाई है। बाकी 6 दोषियों को उम्रकैद की सजा दी गई है।

## चार सालों में करीब 70 हजार ट्रेनें रद्द

# हाईकोर्ट ने पूछा- जब मालगाड़ियां चल सकती हैं तो यात्री ट्रेनें क्यों नहीं ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

यात्री ट्रेनों के लगातार रद्द होने के मामले में हाईकोर्ट में अगली सुनवाई एक अप्रैल को होगी। इस बीच हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए एक बार फिर कहा है कि जब मालगाड़ियों को चलाया जा रहा है तो यात्री ट्रेन ही क्यों रद्द की जा रही हैं। कोर्ट ने केंद्र शासन और रेलवे बोर्ड को इस बारे में जानकारी प्रस्तुत ▶▶| शेष पेज 7 पर

- यात्री ट्रेनों के लगातार रदद् होने के मामले में अगली सुनवाई एक अप्रैल को




### सबसे ज्यादा कमाई, लेकिन उपेक्षा

कांग्रेस भी इस मामले में लगातार आरोप लगा रही है। कांग्रेस के मुताबिक बिलासपुर रेलवे जोन से केवल माल भाड़े से केंद्र सरकार को 22,000 करोड़ रुपए हर साल का राजस्व मिलता है। रेलवे मालाभाड़ा से 2020 की तुलना में 2021-22 में 38 प्रतिशत से अधिक वृद्धि बिलासपुर जोन से हुई है, ▶▶| शेष पेज 7 पर

### एक महीने में ही 34 ट्रेनें रद्द कर दीं

याचिका के अनुसार बिलासपुर जोन में आने के बाद ही ट्रेनें विलंब हो रही हैं। हावड़ा-मुंबई और कटनी सेक्शन सभी दिशाओं की ओर चलने वाली गाड़ियां बाकी स्टेशनों में समय से छूट रही है। लेकिन, बिलासपुर जोन के सीमाओं में प्रवेश करने के साथ ही यात्री ट्रेनों को रोकने का सिलसिला शुरू हो जाता है ▶▶| शेष पेज 7 पर




Vedanta Medical Research Foundation
**BALCO Medical Centre**

# कैंसर के खिलाफ़ इस लड़ाई में हमारा साथ देने के लिए

# धन्यवाद

## आईये कंधे से कंधा मिलाकर कैंसर को जड़ से उखाड़े

#BeatCancerTogether

6 years of excellence




| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2,47,000+ ओपीडी फुटफॉल | 37,000 से अधिक मरीजों का इलाज | मध्य भारत में 190+ स्वास्थ्य जागरूकता और कैंसर स्क्रीनिंग शिविर के माध्यम से 11500+ पीड़ित हुए लाभांवित | - 60+ अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (दो साल के सफल ट्रैक रिकॉर्ड के साथ मध्य भारत का अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) | 40+ कैंसर विशेषज्ञों की दक्ष टीम | ट्यूमर बोर्ड समीक्षा द्वारा मरीज़ का सर्वोत्तम उपचार | हर प्रकार के कैंसर के लिए अनुभवी विशेषज्ञ |

### विश्वस्तरीय कैंसर देखभाल

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी • न्यूक्लियर मेडिसिन • सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रक्त - सम्बन्धी सभी बीमारियाँ • कीमोथेरेपी, इम्म्यूनो थेरेपी एवं टार्गेटेड थेरेपी
ओंकोपैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक • पैन एवं पैलिएटिव केयर

### सहायक सेवाएँ-

- आहार और पोषण सेवाएँ
- स्पीच थेरेपी
- क्लीनिकल साइकोलॉजी
- फिजियोथेरेपी
- पुनर्वास थेरेपी

# बालको मेडिकल सेंटर

बीएमसी कैंसर डेकेयर - 1st फ्लोर, गंगा डायग्नोस्टिक्स, कलर्स मॉल के पास, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
हॉस्पिटल - सेक्टर 36, नया रायपुर, छ. ग. 8282823333/4444 | www.balcomedicalcentre.com

Embassy

छत्तीसगढ़ शासन, डॉ.खूबचंद बघेल योजना, आयुष्मान भारत, BSKY C.G.H.S. एवं सभी प्रमुख PSUs-Coal India (SECL), SAIL, SECR, CRPF ESIC, ECHS, NTPC, NMDC व बीमा कम्पनियों से अनुबंधित

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




### 2005 में शुरू हुई थी प्रक्रिया



दबनई मार्ग से आमामोरा तक सड़क निर्माण के लिए डॉ रमन सिंह सरकार के समय 2005 से ही प्रकिया शुरू हुई और सड़क निर्माण के लिए दर्जनों बार टेंडर निकाले गए, लेकिन नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण ज्यादातर ठेकेदार यहां निर्माण कार्य करने से पीछे हट जाते थे। यह ▶▶ शेष पेज 7 पर

### 5 हिस्से में अलग-अलग इस सड़क निर्माण का टेंडर दिया गया

# जिस इलाके में एएसपी समेत 11 हुए थे शहीद, वहां 25वें टेंडर के बाद फोर्स के साये में बन रही सड़क

खास खबर

हसन खान ▶▶ मैनपुर



गरियाबंद जिले के जिस इलाके में एएसपी समेत 11 जवान शहीद हो चुके हैं, वहां अब फोर्स की निगरानी में दस किमी सड़क का निर्माण हो चुका है। करीब 15 सालों में इस सड़क निर्माण के लिए 24 बार टेंडर निकाला जा चुका था, लेकिन नक्सल प्रभावित इलाका होने की वजह से काम करने वाले साहस नहीं दिखा पा रहे थे। 25वे टेंडर के बाद फोर्स की निगरानी में 31 किमी लंबी यह सड़क अब बन रही है। गरियाबंद के दबनई मार्ग से आमामोरा तक सड़क निर्माण कार्य का टेंडर 24 बार निकाला गया, लेकिन नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से कोई भी व्यक्ति इस काम ▶▶ शेष पेज 7 पर

### क्या कहते है गरियाबंद पुलिस अधीक्षक

गरियाबंद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने चर्चा में बताया कि ओंढ आमामोरा सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। पुलिस बल सुरक्षा के लिए तैनात है, उन्होंने कहा कि 2018 में नक्सली दो जवान शहीद हुए थे।

### सरपंच ने कहा, अब विकास पहुंचेगा गांव तक

ग्राम पंचायत ओढ़ के सरपंच रामसिंह सोरी ने बताया ओढ़ आमामोरा ग्राम तक ना तो विधायक सांसद और बड़े अधिकारी कोई नहीं पहुंचते, अब सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण हो जाने से निश्चित रूप से गांव में बिजली स्वास्थ्य शिक्षा बुनियादी सुविधा पहुंचेगी।

### एडिशन एसपी समेत 11 जवान हो चुके हैं शहीद

गरियाबंद के ओढ़ आमामोरा पहाड़ी ओडिशा सीमा से लगा हुआ है और घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। वर्ष 2011-12 में गरियाबंद के तत्कालीन एडिशनल एसपी राजेश पवार सहित 09 जवान इसी इलाके में नक्सली हमले में शहीद हो गए थे। यह इस क्षेत्र की सबसे बड़ी नक्सली घटना थी, इसके ▶▶ शेष पेज 7 पर



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल की पत्नी ने समर्थन जुटाने शुरू किया वॉट्सऐप अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने एक वॉट्सऐप अभियान शुरू किया और लोगों से अपने पति का समर्थन करने की अपील की जो दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी की हिरासत में हैं। सुनीता ने कहा कि उनके पति ने देश में 'सबसे भ्रष्ट और तानाशाही ताकतों' को चुनौती दी है। उन्होंने लोगों से अपने आशीर्वाद और प्रार्थनाओं के माध्यम से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने को कहा है।



### बसपा से लेकर सपा, जदयू, एआईएमआईएम, कांग्रेस तक लगा रहे जहर देने का आरोप

# माफिया मुख्तार की मौत से उठेगा पर्दा, होगी न्यायिक जांच, इधर, जमकर सियासत भी

**डॉक्टरों के पैनल ने किया पीएम, आज होगा अंतिम संस्कार**

एजेंसी ▶▶ बांदा

उत्तर प्रदेश के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का पोस्टमार्टम किया गया। प्रारंभिक रिपोर्ट में डॉक्टरों ने मौत को हार्ट अटैक होने से बताया है। पोस्टमार्टम के बाद मुख्तार के शव को बांदा से गाजीपुर स्थित उसके घर ले जाया गया। गाजीपुर एसपी ओमवीर सिंह के मुताबिक, मुख्तार का शव लेकर निकले काफिले में 2 वज्र वाहन, 2 एंबुलेंस समेत पुलिस की अन्य गाड़ियां शामिल हैं। यह काफिला चित्रकूट, कौशांबी, भदौही होते हुए देर रात गाजीपुर पहुंचा। इसके बाद शनिवार सुबह गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार अंसारी को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इससे पहले परिजनों के पहुंचने पर मुख्तार अंसारी का बांदा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम हुआ, जिसके बाद शव बेटे उमर अंसारी को सौंपा गया।

### पुलिस की सख्त सुरक्षा के बीच गृहग्राम पहुंचा शव

#### न्यायिक जांच के लिए अधिकारी नामित

बांदा जेल में माफिया नेता मुख्तार अंसारी की मौत के मामले की न्यायिक जांच के लिए शुक्रवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सांसद-विधायक अदालत बांदा गरिमा सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। सीजेएम ने नियुक्त जांच अधिकारी से एक माह के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी है। इसके पहले कारागार महानिदेशक एसएन साबत ने कहा कि मामले की न्यायिक जांच होगी।



#### पिता के बगल में खोदी जाएगी कब्र

मुख्तार अंसारी के शव का सुपुर्दे खाक उसके पैतृक गांव गाजीपुर में होना है। मुख्तार अंसारी की कब्र उसके पिता के कब्र के बगल में खोदी जाएगी। मुख्तार अंसारी का बेटा विधायक अब्बास अंसारी पिता के जनाजे में शामिल होगा या नहीं इस पर संशय है। हाईकोर्ट से राहत न मिलने के बाद अब्बास ने सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई के लिए आवेदन दिया है। एसपी ने कहा कि आज सुबह नमाज के बाद सपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

#### इनका आरोप- मुख्तार को दिया गया जहर

मुख्तार की मौत पर मायावती के अलावा आरजेडी, कांग्रेस से लेकर एआईएमआईएम तक सवाल खड़े किये हैं। एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने अंसारी के भाई द्वारा लगाए गए आरोपों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गाजीपुर के लोगों ने अपना पसंदीदा बेटा और भाई खो दिया। मुख्तार ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए थे कि उन्हें जहर दिया गया है। इसके बावजूद सरकार ने उनके इलाज पर कोई ध्यान नहीं दिया। यह वाकई निंदनीय और अफसोसजनक है।

#### मुख्तार के बेटे ने मौत पर खड़े किए सवाल

मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने कहा कि पूरा देश सब कुछ जानता है। दो दिन पहले मैं उनसे मिलने आया था, लेकिन मुझे इजाजत नहीं मिली। उमर अंसारी ने कहा कि धीमा जहर देने के आरोप पर हमने पहले भी कहा था और आज भी यही कहेंगे। परिवारजनों ने आरोप लगाया है कि बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी को खाने में धीमा जहर दिया जा रहा था, जिससे उनकी हालत बिगड़ी चली गई है और उनकी मौत हो गई।

# सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी से एक और मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद के सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी की वजह से फिर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि अब तक करीब 83 लोगों की मौत इस बीमारी की वजह से हो चुकी है। जानकारी के अनुसार मृतक का नाम नवीन सोनवानी है। नवीन 2017 में किडनी को बीमारी से ग्रसित हुआ था, धीरे-धीरे रोग बढ़ते गया पीड़ित को दो महीने पहले एम्स में भर्ती कराया गया था। इस बीच 10 बार डायलिसीस भी किया गया, लेकिन इस दो माह में पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण मजदूर परिवार को आधा-अधूरा इलाज करा कर वापस 14 मार्च को लौटना पड़ा।

#### चिकित्सकीय सलाह लिए बगैर वापस ले आए थे

मामले में सीएमएचओ गार्गी यद्दु ने बताया कि पीड़ित का इलाज एम्स में चल रहा था, आधे-अधूरे इलाज के बीच परिवार वाले बगैर डॉक्टर की सलाह के वापस ले आए, स्थानीय स्तर पर मौजूद सुविधाओं के बीच देवभोग बीएमओ की देखरेख में इलाज जारी था। जहां शुक्रवार को पीड़ित की मौत हो गई।








# कांग्रेस ने महिलाओं को 500 तो दिए नहीं, एक लाख क्या देंगे, इन पर कोई भरोसा नहीं करता

*हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर*

*महासमुंद भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी का कहना है कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में महिलाओं को पांच-पांच सौ रुपए देने का वादा किया था, उसको तो पूरा नहीं किया, अब एक-एक लाख देने की बात कर रहे हैं। इनके वादों पर जनता भरोसा नहीं करती। जनता जानती है कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए झूठा वादा करती है। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से चुनावी संवाद में भाजपा प्रत्याशी ने जो बात की उसके अंश प्रस्तुत हैं।*

## महासमुंद लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी से डा. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद




▶▶ विधानसभा का टिकट तो मिला नहीं, लोकसभा का मिल गया, कितनी हैरत में हैं आप?

▶▶ ▶▶ विधानसभा का 2018 में टिकट न मिलने के बाद भी मैं लगातार अपना काम कर रही हूं। इस समय जिलाध्यक्ष का काम देख रही हूं। पिछले चुनाव में भी विधानसभा का टिकट नहीं मिला, लेकिन अब पार्टी ने मुझ पर भरोसा करके लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। पार्टी अपने स्तर पर फैसला लेती है।

▶▶ पार्टी ने आपको किस लिए टिकट दिया है?

▶▶ ▶▶ पार्टी ने मुझे क्या सभी लोकसभा के प्रत्याशियों को टिकट सांसद बनाने के लिए ही दिया है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है और उनको आगे बढ़ाने का भी काम करती है। छत्तीसगढ़ में तीन महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है।

▶▶ ताम्रध्वज साहू को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है, आप कितना घबरा रही हैं?

▶▶ ▶▶ बिलकुल घबरा नहीं रही हूं। मैं लगातार यहां पर काम कर रही हूं। जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों के साथ विष्णुदेव साय के सुशासन पर भरोसा है। 2018 में भाजपा हार गई थी, लेकिन पिछले चुनाव में अपने तीनों कार्यकाल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए भाजपा ने जीत प्राप्त की है। ताम्रध्वज साहू अच्छे नेता और बड़े नेता हैं। महासमुंद के प्रभारी मंत्री रहते हुए उन्होंने यहां के लिए कोई काम नहीं किया है। उनकी कोई उपलब्धि नहीं है। जनता भाजपा के साथ है इसलिए हमें भरोसा है कि हम चुनाव जीतेंगे। कांग्रेस के नेता हैं कहां प्रदेश में। सबके सब तो भाजपा में प्रवेश कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं का ही कांग्रेस से विश्वास उठ रहा है। भाजपा में आने वाले कांग्रेसी अब राष्ट्र सेवा को समझ रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों को समझ रहे हैं। हमको भरोसा है कि भाजपा की संगत का असर होगा और कांग्रेस के लोग भी देश और राष्ट्र सेवा को समझकर काम करेंगे।

▶▶ चुन्नीलाल साहू के पांच साल का कार्यकाल आपको इस चुनाव में कितना भारी पड़ रहा है?

▶▶ ▶▶ कोई मुश्किल नहीं हो रही है। वे पांच साल तक सांसद रहे, अच्छा काम किया है। रही बात प्रत्याशी बदलने की तो, इसलिए तो भाजपा पर सबको भरोसा है। मैं और चुन्नीलाल साहू एक साथ एक ही मंच पर कार्यक्रमों में जा रहे हैं, कहीं कोई परेशानी नहीं है। यह सब भाजपा में ही संभव है।

▶▶ अच्छा काम करने वालों की टिकट क्यों कट जाती है भाजपा में?

▶▶ ▶▶ चुन्नीलाल साहू का 2018 में विधानसभा का टिकट कट गया था, लेकिन उनको 2019 में लोकसभा का टिकट दिया गया। 2018 में मुझे टिकट नहीं मिला, पार्टी ने मुझे योग्य समझा और जिलाध्यक्ष का काम दिया। अब लोकसभा के लिए टिकट दिया। चुन्नीलाल साहू के कार्यकाल में मेडिकल कॉलेज मिला, बहुत से काम हुए हैं। कामों की लंबी लिस्ट है।

▶▶ साय सरकार के कामों के बारे में कुछ बताएं?

▶▶ ▶▶ साय सरकार का सौ दिनों का काम बहुत अच्छा हुआ है। मोदी की गारंटी को लगातार पूरा करने का काम हो रहा है। जो वादे भाजपा ने किए थे, वो वादे हमारी साय सरकार पूरे कर रही है। इसका फायदा चुनाव में जरूर मिलेगा। कांग्रेस सरकार में केवल भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं हुआ। विकास का एक भी काम नहीं हुआ। इसलिए कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

▶▶ कांग्रेस ने घोषणा की है सरकार बनने पर महिलाओं को एक लाख रुपए साल का देंगे?

▶▶ ▶▶ कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में पिछले चुनाव में महिलाओं को पांच सौ रुपए देने का वादा किया था, उसको तो पूरा नहीं कर सके अब एक लाख देने की बात कह रहे हैं। कौन भरोसा करेगा उनकी बातों पर। भाजपा ने जब महतारी वंदन में 12 हजार रुपए देने की बात की तो भूपेश बघेल ने साल में 15 हजार देने की बात की थी, लेकिन जनता ने उनकी बात पर भरोसा नहीं किया। इन्होंने शराबबंदी का वादा किया था, इसको पूरा किया क्या। इनका कोई वादा पूरा नहीं हुआ है। देश की पूरी जनता को मोदी की गारंटी और मोदी जी पर विश्वास है। छत्तीसगढ़ की साय सरकार पर विश्वास है।

▶▶ धमतरी में किसके भरोसे हैं?

▶▶ ▶▶ पूरी भाजपा काम कर रही है। हमारे नेता है। रूप कुमारी चौधरी तो सिर्फ महासमुंद की प्रत्याशी है, हमारा असली प्रत्याशी तो कमल का फूल है। हम सब तो मोदी जी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। एक-एक कार्यकर्ता प्रत्याशी बनकर काम कर रहा है, चाहे वो धमतरी की बात हो या फिर कहीं की भी बात हो।

## आमने/सामने

### भाजपा की जान ईवीएम में बसती है : सुशील शुक्ला



*प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जैसे जादूगर की जान तोते में रहती है, वैसे ही भाजपा की जान ईवीएम में बसती है। जब भी ईवीएम के खिलाफ कोई तार्किक तथ्य सामने आता है, कोई बयान आता है, भाजपाई तिलमिला जाते हैं और ये ईवीएम के खिलाफ बोलने वाले को राष्ट्रद्रोही साबित करने में लग जाते हैं।*

### जीतने पर क्यों सवाल खड़ा नहीं करते : केदार गुप्ता



*भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदार नाथ गुप्ता का कहना है कि ईवीएम से चुनाव कराने का सिलसिला तो कांग्रेस शासन काल में प्रारंभ हुआ है। कांग्रेस को छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश में जीत मिलती है तब तो ईवीएम ठीक रहती है, लेकिन जहां कांग्रेस के हाथ से जीत फिसल जाती है तो इनको ईवीएम में गड़बड़ी नजर आने लगती है।*

## कंगना का रोड शो



अभिनेत्री कंगना रनौत इस बार चुनाव लड़ रही हैं। वे हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं। शुक्रवार को उन्होंने अपनी संसदीय सीट पर रोड शो किया।

### बागपत में भिड़े आरएलडी भाजपा कार्यकर्ता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव को लेकर पिछले महीने ही एनडीए के साथ जाकर आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को बड़ा झटका दिया था। जयंत लगातार बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते रहे हैं लेकिन सवाल यह है कि क्या बीजेपी व आरएलडी के बीच गठबंधन का असर जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच भी हुआ है। नया मामला सामने आया है जहां बागपत में आरएलडी बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच भिड़ंत हो गई, और इसके चलते आरएलडी के प्रत्याशी को घटनास्थल छोड़कर भागना पड़ा।



### समाजवादी पार्टी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए 18 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को समाजवादी पार्टी ने स्टार प्रचारक बनाया है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की सीटों के लिए अखिलेश व डिंपल के साथ जनसभाएं करेंगे। 18 स्टार प्रचारकों की सूची सपा ने जारी की है, इसमें जया बच्चन भी शामिल हैं। आगरा, फतेहपुर सीकरी सीट पर तीसरे चरण में मतदान होगा। रामजी लाल सुमन को पिछले महीने ही सपा ने राज्यसभा भेजा था।



## डीएमके ने थामा कांग्रेस का परचम



तिरुवल्लुर। तमिलनाडु में डीएमके ने गठबंधन सहयोगी कांग्रेस उम्मीदवार शशिकांत सेंथिल के समर्थन में एक चुनाव प्रचार रैली की। बड़ी संख्या में जुटे लोगों के बीच डीएमके नेता व मंत्री उदयनिधि स्टालिन विशेष रूप से शामिल हुए।

### अब तक हुए 15 चुनावों में भाजपा ने सात तो कांग्रेस को मिली पांच मर्तबा फतह

# राजनांदगांव लोस सीट में भाजपा का दबदबा पिछले पांच चुनावों में मिली लगातार जीत

*देश में पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी का छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट में भी दबदबा देखने को मिला है। चार दशक पहले 1984 में पहली दफा राजनांदगांव लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी उतारने वाली भाजपा आज इस सीट में सर्वाधिक चुनाव जीतने वाली पार्टी है। दुर्ग से अलग होने के बाद 1962 से अब तक राजनांदगांव लोकसभा सीट में हुए 15 चुनाव में भाजपा ने सात बार जीत हासिल की है, वहीं कांग्रेस पांच चुनाव ही जीत पाई है।*


शिवकुमार शास्त्री


रमन सिंह


अशोक शर्मा


अभिषेक सिंह


संतोष पांडे


मधुसूदन यादव


प्रदीप गांधी

सचिन अग्रहरि ▶▶ राजनांदगांव

हालांकि भाजपा को इस सीट में भी अपनी पैठ बनाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। 1984 में अपने पहले आम चुनाव में भाजपा ने यहां से शिवकुमार शास्त्री को मैदान में उतारा था। इस चुनाव में उन्हें महज 9.67 फीसदी यानी 32465 वोट ही हासिल हुए थे और वे चौथे पायदान पर रहे, लेकिन इस चुनाव के बाद से ही लगातार भाजपा ने अपने मतों और प्रदर्शन में सुधार किया है। यही कारण रहा कि इसके पांच साल बाद 1989 में हुए लोकसभा के आम चुनाव में भाजपा ने पहली दफा इस सीट से जीत हासिल की।

इस चुनाव में भाजपा ने धर्मपाल गुप्ता को मैदान में उतारा था, जिन्होंने 51.53 फीसदी यानी 249389 मत हासिल करते कांग्रेस के दिग्गज नेता शिवेंद्र बहादुर सिंह को शिकस्त दी थी। इसके बाद तीसरे चुनाव में भाजपा ने 1991 में फिर से धर्मपाल गुप्ता को उतारा, लेकिन इस चुनाव में वे कांग्रेस के शिवेंद्र बहादुर से हार गए। हालांकि इस चुनाव में भी भाजपा दूसरे पायदान पर रही। इसके बाद 1996 में भाजपा ने अशोक शर्मा को टिकट दी, जिन्होंने कांग्रेस के शिवेंद्र बहादुर सिंह को हराया। 1998 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर अशोक शर्मा को मौका दिया, परन्तु वे कांग्रेस प्रत्याशी एवं मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम रहे मोतीलाल वोरा से चुनाव हार गए। इस चुनाव के बाद से अब तक हुए सभी 1999, 2004, 2009, 2014 एवं 2019 लोकसभा के आम चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की। हालांकि 2007 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने यह सीट जीती थी।

### तीसरी बार दोहराया प्रत्याशी

भाजपा 1984 से लेकर भले ही सात लोकसभा चुनाव में इस सीट से जीत हासिल कर चुकी है, लेकिन अब तक उसने केवल तीन दफा ही अपना प्रत्याशी दोहराया है। इसमें भी बीते दोनों अवसर पर प्रत्याशी को दोबारा मौका देने पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा से 1984 में धर्मपाल गुप्ता जीते थे। वहीं 1989 में हारे। इसके बाद 1996 में अशोक शर्मा जीते और 1998 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब 2019 में जीतने वाले संतोष पांडे को भाजपा ने फिर से मैदान में उतार दिया है।

### सर्वाधिक अंतर से जीते अभिषेक

*भाजपा के राजनांदगांव सीट से अब तक सात सांसद बन चुके हैं। इनमें धर्मपाल गुप्ता, अशोक शर्मा, डॉ. रमन सिंह, प्रदीप गांधी, मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह और संतोष पांडे का नाम शामिल है, लेकिन इन सबमें अभिषेक सिंह ने सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश्वर वर्मा को 235911 मतों के अंतर से पराजित किया था। दूसरी बड़ी जीत मधुसूदन यादव के नाम है। उन्होंने 2009 चुनाव 119074 मतों के अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे देवव्रत सिंह को हराया था।*

### बिहार: महागठबंधन में हुआ सीटों का बंटवारा

## आरजेडी 26 और कांग्रेस 9 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

एजेंसी ▶▶ पटना

लोकसभा चुनाव अब बेहद नजदीक आ चुके हैं। ऐसे में तमाम दलों के बीच सीट बंटवारा भी अंतिम दौर में पहुंच चुका है। पिछले कुछ दिनों से बिहार में महागठबंधन में सीट बंटवारे की कोशिश चल रही थी। अब बिहार महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है। आरजेडी के हिस्से में 26 सीट आई है, वहीं कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जबकि लेफ्ट के हिस्से में पांच सीट आई है।




### आरजेडी के हिस्से आई पूर्णिया सीट पप्पू भी अड़े

सीट बंटवारे में कांग्रेस को पूर्णिया सीट नहीं मिली है। दरअसल पप्पू यादव भी पूर्णिया से टिकट चाहते थे। आरजेडी ने इस सीट से बीमा भारती को मैदान पर उतारा है। नेता पप्पू यादव इस सीट से लड़ने पर अड़ गए हैं। पप्पू यादव ने एनडीटीवी से बात करते हुए कहा कि वो पूर्णिया से चुनाव लड़ेंगे. अब कांग्रेस नेतृत्व को निर्णय लेना है। उन्होंने कहा पूर्णिया में कांग्रेस का झंडा लहराएगा। नेतृत्व बताएगा फ्रेंडली फाइट होगा या नहीं। किशनगंज, अररिया, पूर्णिया में कांग्रेस की रहेगी। आप निश्चित रहें कांग्रेस के पास विकल्प है।

### टिकट कटने के बाद पप्पू यादव का ऐलान

पूर्णिया। महागठबंधन में सीटों की घोषणा के बाद आज शुक्रवार को कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि 'जनता ने कांग्रेस पार्टी का झंडा मेरे हाथों में दे दिया है। जनता ही अगली 26 अप्रैल को पूर्णिया में कांग्रेस पार्टी के झंडे को स्थापित करेगी।' पप्पू यादव ने नेशन फर्स्ट का नारा देते हुए कहा कि मेरे लिए देश पहले है और पार्टी उसके पीछे है। बता दें, पप्पू यादव का पूर्णिया से टिकट कट चुका है।

### नहीं मिली है एक भी सीट

## भाजपा से नाराज हैं अठावले? फडणवीस से की शिकायत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए की तरफ से 400+ सीटें जीतने का दावा किया जा रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जरूरी है कि बीजेपी और उसके सहयोगी दल महाराष्ट्र में विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दें। हालांकि इस बीच खबर ये है कि महाराष्ट्र में बीजेपी की सहयोगी पार्टी आरपीआई (ए) सीट शेयरिंग में एक भी लोकसभा सीट न दिए जाने पर नाराज हैं।



जानकारी के अनुसार, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर उनकी पार्टी को एक भी सीट न दीजिए जाने पर नाराजगी जताई। रामदास अठावले ने न्यूज एजेंसी बताया कि लोकसभा चुनाव में आरपीआई(A) को एक भी सीट नहीं दी है, जबकि उन्होंने फडणवीस को शिरडी सीट पर अपनी दावेदारी से अवगत करवाया था।

### फडणवीस ने कहा



इधर, देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वो रामदास अठावले की मांग को बीजेपी लीडरशिप के सामने रखेंगे और कोशिश करेंगे कि ये मांग पूरी हो जाएंगे। अठावले ने साल 2009 में शिरडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था लेकिन वो हार गए थे। उन्होंने कहा, "लेकिन फडणवीस ने बताया कि एकनाथ शिंदे उस सीट को चाहते थे क्योंकि वहां मौजूदा सांसद शिवसेना के सदाशिव लोखंडे हैं।" केंद्रीय मंत्री ने बताया कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के बाद एकबार फिर से मोदी सरकार में मंत्री पद की डिमांड की है और यह भी मांग की है कि 2026 में उनका कार्यकाल खत्म होने पर उन्हें फिर से राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया जाए।

### अरुण गोविल 80 के दशक में कांग्रेस के सदस्य थे, आज हैं भाजपा प्रत्याशी

# राजीव गांधी संग कांग्रेस का प्रचार कर चुके हैं 'रामायण के राम'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लगभग चार दशक पहले टीवी सीरियल 'रामायण' में मुख्य भूमिका निभाने के बाद से अरुण गोविल हिंदुओं के आराध्य राम का चेहरा बन गए हैं। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने अरुण गोविल को उनके जन्मस्थान मेरठ से अपना लोकसभा उम्मीदवार बनाया है। पहली बार चुनावी मैदान में उतरे अरुण गोविल को भाजपा ने अपने तीन बार के सीटिंग सांसद राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया है। अग्रवाल साल 2009 से लगातार मेरठ सीट से जीत रहे हैं। 2021 में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अरुण गोविल बीजेपी में शामिल हुए थे। अब टीवी के राम भाजपा के लिए काम करते हैं। 1987 में टीवी सीरियल रामायण शुरू हुआ। उस दौरान, गोविल की लोकप्रियता को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने उन्हें कांग्रेस में शामिल होने के लिए कहा था। आउटलुक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, गोविल को कई मौकों पर राजीव गांधी के साथ प्रचार करते हुए भी देखा गया था। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि साल 1988 में कांग्रेस ने गोविल को पार्टी की सदस्यता दी और चुनाव लड़ने को भी कहा। हालांकि उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया।



### 'राम' से पहले भाजपा ने लड़ाया था 'रावण' को चुनाव



जहां रामानंद सागर के रामायण के राम ने 1980 के दशक के अंत और 90 के दशक की शुरुआत में कांग्रेस का समर्थन किया। वहीं शो के रावण अरविंद त्रिवेदी ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होना पसंद किया। उन्होंने भाजपा से लोकसभा चुनाव भी लड़ा। 1991 में पार्टी के टिकट पर वह गुजरात के साबरकांठा से सांसद बने। हालांकि, 1996 के चुनावों में वह गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी की पत्नी और कांग्रेस उम्मीदवार निशा चौधरी से हार गए थे। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली पहली एनडीए सरकार के दौरान त्रिवेदी 2002-03 तक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अध्यक्ष भी रहे। 2021 में त्रिवेदी का निधन हुआ था।

### 'सीता' ने ढहाया था गुजरात के वडोदरा में कांग्रेस का किला



1990 की शुरुआत में जब राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन चरम पर था। भाजपा ने सीता की भूमिका निभाने वाली दीपिका चिखलिया को भी वडोदरा, गुजरात से मैदान में उतारा था। हालांकि 26 साल की चिखलिया को राजनीति का कोई अनुभव नहीं था। लेकिन रामायण की सीता को चुनाव में देखकर जनता के आश्चर्य का ठिकाना न था। चुनावी रैलियों में 'सीता' की एक झलक पाने के लिए जमकर भीड़ उमरती। महिलाएं उनके पैर छूने को आतुर रहतीं। नतीजा यह रहा कि वडोदरा में कांग्रेस का किला ढह गया। इस सीट पर पहली बार भाजपा को जीत मिली। दो बार के सांसद रंजीत सिंह गायकवाड़ की बुरी हार हुई। दीपिका को 49.98 फीसदी वोट मिले और वह भाजपा सांसद बन गईं।




"VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO AVAIL EXCITING BENEFITS."

Scan to explore NEXA World

Scan to chat on WhatsApp

**RAIPUR: NEXA VIDHAN SABHA ROAD** (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), **NEXA ONE RING ROAD** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), **NEXA MAGNETO** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160), **BHILAI: NEXA SUPELA** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824), **DURG**: **NEXA DURG BYPASS** (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), **JAGDALPUR**: **NEXA JAGDALPUR** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and **visit www.nexaexperience.com** to book online.

*Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 31st March'24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.

चिंतन

# दुनिया को 'हरित जीडीपी' मॉडल अपनाने की जरूरत

पर्यावरण को खतरे में डालने वाले विकास मॉडल मानवता के लिए उपयुक्त नहीं है। दुनिया में उत्पादन आधारित विकास मॉडल पर दशको से चर्चा होती रही है। माना जाता है कि उत्पादन आधारित विकास मॉडल से पर्यावरण को खतरा है, खपत से अधिक निर्माण का खतरा है और उत्पादों की डंपिंग का खतरा है। उत्पादन के बाद जरूरतें विकसित करने से असली जरूरतें गौण हो जाती हैं। आज उत्पादन आधारित विकास मॉडल की विडंबना है कि दुनिया कचरा प्रबंधन व ग्लोबल वार्मिंग जैसी विकराल समस्या से जूझ रही है। आधुनिक युग की रक्षा के लिए विश्व के अनेक विचारवान लोगों की ओर से खपत आधारित विकास मॉडल की मांग हो रही है। इसका मूलमंत्र है, जितनी खपत उतना ही उत्पादन उत्पादन भी हरित तरीके से। आज विश्व जब जलवायु परिवर्तन की समस्या का सामना कर रहा है, तो वर्तमान विकास मॉडल को लेकर आलोचना तेज हो गई है। क्लाइमेट सम्मेलन में विश्व में बढ़ रहे तापमान को कम करने का संकल्प लिया जा रहा है, पर कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए हरित विकास मॉडल को अपनाने को लेकर विकसित व विकासशील देशों का रवैया अलग-अलग है। विकसित देश इसके लिए कीमत चुकाने को तैयार नहीं है, जबकि कार्बन उत्सर्जन में औद्योगिक विकसित देशों की ही अधिक भूमिका है। समाजसेवी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिंता जाहिर की कि प्रगति को मापने का मौजूदा पैमाना जलवायु विरोधी है। पीएम ने विकास को मापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मापदंड को जलवायु के लिए हानिकारक करार दिया। उन्होंने हरित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की अवधारणा विकसित करने का सुझाव दिया। दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए हरित जीडीपी मॉडल अपनाना वक्त का तकाजा है। पिछले साल सितंबर में भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद से जलवायु कार्रवाई को गति मिली है। हरित प्रगति दृष्टिकोण को और अधिक किफायती बनाने के लिए दुनिया को दो-आयामी रणनीति अपनाने की जरूरत हैः पहला, प्रकृति और जलवायु के अनुकूल नवाचार, और दूसरा, पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली। हमारी वर्तमान चुनौती यह है कि हम प्रगति को किस नजरिए से देखते हैं। उदाहरण के लिए, किसी देश के विकास को अक्सर उसकी इस्पात खपत और ऊर्जा उपयोग से आंका जाता है। तो इन मानदंडों के आधार पर, हम देश की अर्थव्यवस्था की गणना करते हैं। पर अगर हम इन मापदंडों पर भरोसा करना जारी रखते हैं तो हम अधिक बिजली और स्टील का उपभोग करेंगे, जिसके परिणामस्वरूप कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि होगी। इसका मतलब है कि हमें अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है। हमें जीवन शैली के विकल्प बनाने और जलवायु के अनुकूल तरीकों से प्रगति को मापने की आवश्यकता है। वर्तमान में, प्रगति के हमारे सभी उपाय जलवायु के लिए हानिकारक हैं। आज हमें प्रगति के मापदंडों के लिए वैश्विक शब्दावली को बदलने की जरूरत है। स्वच्छ ऊर्जा व हरित ऊर्जा क्षेत्र में तेजी लाने की आवश्यकता है व पेरिस समझौते के लक्ष्यों और नेट-जीरो उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ते रहने की जरूरत है। हरित विकास के सभी आयामों को अपना कर ही वैश्विक कल्याण का मानवीय मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। हमें अपने उपभोग की आदतों में सुधार की आवश्यकता है, जैसे उपभोक्ताओं को कोई उत्पाद खरीदते समय स्वच्छ उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए।



एचडीआई रिपोर्ट
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# मानव विकास पर फोकस की जरूरत

> संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट 2022 में भारत अब 193 में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई-2021 रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियाँ बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। 4 जून के बाद जो भी नई सरकार केंद्र में आएगी, उनकी प्राथमिकता में मानव संसाधन व सामाजिक अधोसंरचना के विकास की रूपरेखा होनी चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट 2022 में भारत अब 193 में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई-2021 रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है। नई रिपोर्ट जारी करने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने भारतीय लोगों के मानव विकास सूचकांक में भारत की औसत बढ़त को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ कहा है और भारत की सराहना की है। जहाँ 19 मार्च को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय में लगातार वृद्धि हो रही है, वहीं राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक भारत में आम आदमी की आमदनी बढ़ने और उनके द्वारा भोजन पर कम और कपड़े, मनोरंजन व अन्य मदों पर अधिक खर्च किए जाने से उनके जीवन स्तर में धीरे-धीरे बेहतरी आ रही है। फिर भी अभी दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत को मानव विकास सूचकांक में आगे बढ़ने के लिए ठोस व कारगर प्रयासों की जरूरत स्पष्ट दिखाई दे रही है।

एचडीआई का तात्पर्य मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों-लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों के आकलन से है। इस नई रिपोर्ट के लिहाज से एक वर्ष में भारतीयों की औसत आमदनी में 6.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई हैं। भारत में जीवन प्रत्याशा में शानदार वृद्धि हुई है। एक वर्ष पहले भारत में जीवन प्रत्याशा का औसत 62.2 था जो अब बढ़कर 67.7 हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी प्रगति प्रदर्शित की है। भारत में लिंग असमानता सूचकांक वैश्विक औसत से बेहतर है। निस्संदेह भारत के मानव विकास सूचकांक में बढ़त का एक प्रमुख कारण भारत में गरीबी में कमी आना है। अमेरिकी के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रुकिंग्स इंस्ट्रीट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन करने में सफलता तेज विकास और असमानता में कमी के चलते भारत को यह कामयाबी मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल आबादी में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों (प्रतिदिन 1.90 डालर से कम खर्च करने वाले) की संख्या 2011-12 की 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत आ गई है। गरीबों की संख्या में हर वर्ष 0.93 प्रतिशत की कमी के बराबर है। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबों की संख्या घटकर 2.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में एक प्रतिशत रह गई है। भारत में गरीबों की संख्या में जो गिरावट बीते 11 वर्षों में हुई है, इससे पहले वह गिरावट 30 वर्षों में हुई थी।

इसी तरह थिंक टैंक नीति आयोग ने कहा है कि भारत में सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों से बीते नौ वर्षों में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद मिली और भारत वर्ष 2030 तक बहुआयामी गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य में सफलता प्राप्त करने की पूरी संभावनाएँ रखता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन व जन-धन खाते की सुविधा आदि से लोगों को गरीबी से ऊपर लाने में खासी मदद मिली है। खासतौर से गरीबों के सशक्तिकरण में करीब



51 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 134 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम), की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढाँचे की असाधारण भूमिका रही है। इसी शक्ति के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। इन सब प्रयासों से देश के करोड़ों गरीबों के मानव विकास सूचकांक में वृद्धि हुई है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में आम आदमी के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी स्वास्थ योजनाएँ स्वास्थ्य की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, आम आदमी बीमा योजना वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना महत्वपूर्ण हैं। आम आदमी के स्वास्थ में सुधार से भी देश के मानव विकास सूचंकाक में वृद्धि हुई है। ...आगे और होगा।

लेकिन बड़ी बात है कि अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। ऐसे में हमें यह ध्यान रखना होगा कि जहाँ अर्थव्यवस्था समाज का अहम हिस्सा है, वहीं मानव विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सरकार के द्वारा सामाजिक अधोसंरचना पर उसी तरह निवेश करना होगा, जिस तरह भौतिक अधोसंरचना पर खर्च किया जा रहा है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अभी देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियाँ बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि 2017 में नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में 2025 तक स्वास्थ्य पर खर्च को सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत किया जाना निर्धारित किया गया था।

फिर पंद्रहवें वित्त आयोग ने पहली बार स्वास्थ्य के लिए उच्च-स्तरीय कमेटी गठित की थी। इस कमेटी ने भी स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने की बात कही है। इस मामले में देश अभी भी पीछे है। अब देश में डिजिटल शिक्षा की जरूरत बढ़ गई है और इसकी अहमियत रोजगार में भी बढ़ गई है। ऐसे में देश की नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक करियर के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा। वहीं दूसरी ओर नई पीढ़ी के द्वारा करियर में आगे बढ़ने और रोजगार में आने के बाद भी काम करते हुए लगातार बदलती हुई रोजगार की दुनिया के अनुरूप नए स्किल्स सीखना होंगी। अर्थव्यवस्था को अधिक दक्ष व योग्य श्रम बल की जरूरत है जिसके लिए शिक्षा पर जीडीपी का करीब छह फीसदी हिस्सा खर्च किया जाना जरूरी है।

ऐसे में हम उम्मीद करें कि सरकार द्वारा यूएनपीडी की मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2022 के मद्देनजर देश में मानव विकास की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, सार्वजनिक सेवाओं में स्वच्छता, बहुआयामी गरीबी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए नई जनकल्याण योजनाओं, सामुदायिक रसोई व्यवस्था तथा पोषण अभियान-2 को पूरी तरह कारगर व सफल बनाया जाएगा। निश्चित रूप से ऐसा होने पर आगामी वर्ष प्रकाशित होने वाले आगामी मानव विकास सूचकांक में भारत की मानव विकास रैंकिंग में सुधार आएगा और देश के आम आदमी के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई देंगी। देश में आम चुनाव का बिगुल बजा हुआ है। 4 जून के बाद जो भी नई सरकार केंद्र में आएगी, उनकी प्राथमिकता में मानव संसाधन व सामाजिक अधोसंरचना के विकास की रूपरेखा होनी चाहिए। इससे राष्ट्र आत्मनिर्भरता का लक्ष्य भी हासिल करेगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस
डॉ. मोनिका शर्मा



# रेवड़ियां नहीं, कचरा प्रबंधन बनें आम चुनाव के मुद्दे


कचरे से अटती धरती, नदियां और पहाड़, प्रकृति के रंग ही नहीं छीन रहे, इन्सानों के लिए भी खतरा बन गये हैं। हर ओर फैलते अपशिष्ट पदार्थों से प्रदूषित होता पर्यावरण गंभीर व्याधियों का भी कारण बन रहा है। जल, थल और वायु, कुदरत का हर हिस्सा बढ़ते अपशिष्ट पदार्थों का दबाव झेल रहा है। लेकिन चिंता की बात है कि राष्ट्रीय चुनाव के दौरान कचरा प्रबंधन मुद्दे नहीं बनते हैं, जबकि पर्यावरण व स्वास्थ्य से जुड़ा यह बड़ा मानवीय मुद्दा है। राजनीतिक दल मुफ्त की रेवड़ियां (फ्रीबिज) जैसे अनुत्पादक मुद्दों में तो रुचि लेते हैं, लेकिन व्यापक परिप्रेक्ष्य को प्रभावित करने वाले कचरा प्रबंधन के मसले इनके एजेंडे में नहीं होते हैं। जरूरत स्वच्छ व साफ पर्यावरण की है, हरीभरी प्रकृति की है।

आज ना केवल अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व को समझना बल्कि उपभोग की बढ़ती प्रवृत्ति पर लगाम लगाना भी आवश्यक है। ज्ञात हो कि अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस वैश्विक स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने का प्रभावी संदेश देता है। साथ ही उपभोग की व्यावहारिक और सधी आदतों को बढ़ावा देने पर भी प्रकाश डालता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और यूएन-हैबिटेट द्वारा मनाया जाने वाला यह दिन उत्पादन के टिकाऊ तौर-तरीकों को भी संबोधित करता है। आज दुनिया के हर देश के लिए कचरे के पहाड़ और नदियों के जल में घुलता जहर चिंता का विषय बन गया है। भारत में भी महानगरों से लेकर दूर-दराज़ के इलाके तक, बढ़ते अपशिष्ट पदार्थों का बोझा ढो रहे हैं। ज्ञात हो कि वैश्विक स्तर पर प्रतिवर्ष इंसान 210 करोड़ से 230 करोड़ टन ठोस कचरा उत्पन्न करते हैं, जबकि करीब 270 करोड़ लोगों के पास आज भी कचरा संग्रहण के इंतजाम तक नहीं हैं। ऐसे में तत्काल कार्रवाई करते हुए कचरा प्रबंधन के लिए उचित कदम ना उठाए गये तो 2050 तक वार्षिक ठोस अपशिष्ट उत्पादन 380 करोड़ टन तक पहुंच जाएगा। यही कारण है कि शून्य-अपशिष्ट जैसे अभियान के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देना जरूरी है। साथ ही इस मुहिम में जन-जागरूकता के माध्यम से अपशिष्ट उत्पादन को घटाने से जुड़े प्रयास भी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस का वर्ष 2024 का विषय 'रहने योग्य समुदायों में सतत अपशिष्ट प्रबंध - 2040 तक और फिलीपीन के सभी जल निकायों को शून्य अपशिष्ट करना' है । चिंतनीय है कि हमारा देश भी दुनिया के सबसे बड़े कचरा उत्पादक देशों में से एक है। राजधानी दिल्ली में तो कई जगह कूड़े के बड़े पहाड़ बन गये हैं। जो दुर्घटना तक का कारण बन चुके हैं। भारत में हर साल 1250 हेक्टेयर से अधिक जमीन कचरे तले ढक जाती है। ऐसे में यह अभियान असल में स्वयं इन्सानों का जीवन सहेजने के लिए भी आवश्यक है। प्रकृति के रंग छीनने वाला अपशिष्ट प्रदूषण जन स्वास्थ्य, आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के लिए बेहद नुकसानदायक है, जिसके चलते इसे प्रदूषण के त्रिग्रहीय संकट के रूप देखा जा रहा है। ध्यातव्य है कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता की हानि, प्रकृति के इन तीनों ही पक्षों के लिए जोखिम बने अपशिष्ट पदार्थों का उचित प्रबंधन ही इसका हल है। इसके लिए उपभोक्तावादी सोच को बदलना और रीयूज़ एवं रिसाइकलिंग को बढ़ावा देना आवश्यक है।

आज की उपभोक्तावादी जीवनशैली भी धरती पर अपशिष्ट पदार्थों के बोझ को बढ़ा रही है। सामाजिक समारोहों का खाद्य अपशिष्ट और प्लास्टिक की वस्तुओं से की जाने वाली सज-धज इसी श्रेणी में आती हैं। ऐसे में खपत घटाना और चीजों की बर्बादी रोकना दोनों ही इस अभियान से जुड़े अहम पहलू हैं। यही वजह है कि शून्य अपशिष्ट मुहिम की सफलता हर देश में ही प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी पर भी निर्भर है। जनचेतना ही जल, जमीन और वायु प्रदूषण पर रोक लगा सकती है। आज जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं तो नागरिकों के मन में यह सवाल उठना चाहिए कि वो जिन्हें वोट देने जा रहे हैं, वे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रति व कचरा प्रबंधन के प्रति कितने गंभीर हैं? जब तक जनता अपने मतलब के सवालों से दलों व नेताओं को रूबरू नहीं कराएंगे, तब तक वे सजग नहीं होंगे। प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण, धरती, वायुमंडल व पाताल को बचाने और कचरा-अपशिष्टों के निपटान को लेकर राजनीतिक व सामाजिक जागरूकता नहीं होगी, तब तक कचरे के बोझ से होने वाले पर्यावरणीय व स्वास्थ्यगत खतरा मंडराते रहेंगे। पर्यावरण के प्रति जनचेतना जरूरी है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थो के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है।

इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जीना मुश्किल कर रहा वायु प्रदूषण

हाल ही में स्विस ग्रुप आईक्यू एयर ने विश्व भर के उन देशों की सूची जारी की है जिनमें सबसे ज्यादा प्रदूषण है। इस सूची में हमारे देश की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को सबसे ज्यादा प्रदूषित बताया गया है। इस सूची के अनुसार पिछले साल 134 देशों में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद हमारे देश की वायु गुणवत्ता बेहद खराब थी। वर्ष 2019 में भी ग्रीनपीस और एयर विज़ुअल की रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत के बहुत से शहरों में प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के सात शहर भी शामिल हैं। यह भारत के लिए बहुत चिंताजनक है। **-मनोज देवांगन**, धमतरी

## ट्रेंड

### करुणा और क्षमा का पाठ



आज गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के गहन बलिदान को याद करते हैं। यह हमें करुणा और क्षमा का जो पाठ सिखाता है, उसमें हर किसी को शक्ति मिले। हर किसी के मन में करुणा और क्षमा का भाव पैदा हो।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### एक सच्चा भाई



जैसे ही पुलिस कस्टडी के दौरान उन्हें बोलने का एक मौका मिला और उन्होंने अपने छोटे भाई भगवंत मान को उनकी बच्ची के आगमन पर बधाई देने का फैसला किया। यह अरविंद केजरीवाल है-एक सच्चा भाई, एक सच्चा नेता।

**-राघव चड्ढा, आप नेता**

### प्रीमियम सुविधाएं मिलेंगी



तय किया गया है कि आगे बढ़ते हुए, 2500 से अधिक सत्यापित सब्सक्राइबर फॉलोअर्स वाले सभी एक्स खातों को मुफ्त में प्रीमियम सुविधाएं मिलेंगी और 5000 से अधिक वाले खातों को प्रीमियम प्लस मुफ्त में दिए जाएंगे।

**-एलन मास्क, उद्योगपति**

### बहुत खुश हूं



जब मेरे पास दुनिया में कहीं भी घर बनाने का विकल्प था तो मैंने मनाली को चुना। इसलिए आज मैं बहुत खुश हूं कि मेरे लोगों ने मुझे वापस बुलाया। अपने ही प्रदेश, अपनी ही जन्मभूमि हिमाचल के मंडी में आकर बहुत खुश हूं। यहां हर तरफ बहुत प्रेम मिल रहा है।

**-कंगना रानौत, अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

# भारत में होगी हर किसी के अधिकारों की रक्षा : संरा



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें 'उम्मीद' है कि भारत तथा किसी भी अन्य देश में, जहां चुनाव हो रहे हैं, लोगों के 'राजनीतिक और नागरिक अधिकारों' की रक्षा की जाएगी और हर कोई एक 'स्वतंत्र व निष्पक्ष' माहौल में मतदान कर पाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक के मद्देनजर भारत में आगामी राष्ट्रीय चुनाव से पहले राजनीतिक स्थिति पर एक सवाल के जवाब में बृहस्पतिवार को ये टिप्पणियां कीं। दुजारिक ने बृहस्पतिवार को एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमें बहुत ज्यादा उम्मीद है कि भारत तथा किसी भी अन्य देश में जहां चुनाव होने जा रहे हैं, वहां हर किसी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी, जिनमें राजनीतिक और नागरिक अधिकार शामिल हैं। तथा हर कोई स्वतंत्र व निष्पक्ष माहौल में मतदान कर पाएगा।' संयुक्त राष्ट्र की इस प्रतिक्रिया से एक दिन पहले अमेरिका ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी तथा कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगाये जाने के ऐसे ही सवाल पर प्रतिक्रिया दी थी।

## ऑफ बीट

# क्वांटम कंप्यूटिंग अभी गर्म हुई : शून्य से 1 डिग्री ऊपर



दशकों से, क्वांटम कंप्यूटिंग की खोज बेहद कम तापमान की आवश्यकता से जूझ रही है, परम शून्य से एक डिग्री के अंशमात्र ऊपर (0 केल्विन या −273.15°सी)। ऐसा इसलिए है क्योंकि क्वांटम घटनाएँ जो क्वांटम कंप्यूटरों को उनकी अद्वितीय कम्प्यूटेशनल क्षमताएँ प्रदान करती हैं, उन्हें केवल हमारी दुनिया की गर्मी से अलग करके ही उपयोग किया जा सकता है। एक एकल क्वांटम बिट या 'क्यूबिट', जो शास्त्रीय कंप्यूटिंग के केंद्र में बाइनरी ''शून्य या एक'' बिट के बराबर है, को कार्य करने के लिए एक बड़े प्रशीतन उपकरण की आवश्यकता होती है। हालाँकि, कई क्षेत्रों में जहां हम क्वांटम कंप्यूटरों से सफलता मिलने की उम्मीद करते हैं – जैसे कि नई सामग्री या दवाओं को डिजाइन करने में – हमें समानांतर में काम करने वाले बड़ी संख्या में क्यूबिट या यहां तक कि पूरे क्वांटम कंप्यूटर की आवश्यकता होगी। क्वांटम कंप्यूटर जो विश्वसनीय गणनाओं के लिए आवश्यक, त्रुटियों को प्रबंधित कर सकते हैं और स्वयं-सही कर सकते हैं, उनके पैमाने में विशाल होने का अनुमान है। गूगल, आईबीएम और पीएसआईक्वांटम जैसी कंपनियाँ शीतलन प्रणालियों से भरे संपूर्ण गोदामों के भविष्य की तैयारी कर रही हैं और एकल क्वांटम कंप्यूटर को चलाने के लिए बड़ी मात्रा में बिजली की खपत करती हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# ‘द फॉरगॉटन आर्मी’ के लिए शाहरुख ने नहीं लिए थे पैसे

**मुंबई।** फिल्ममेकर कबीर खान इन दिनों कार्तिक आर्यन के साथ अपनी आगामी निर्देशित फिल्म ‘चंदू चैंपियन’ में बिजी हैं। इसी बीच उन्होंने बॉलीवुड किंग शाहरुख खान को याद करते हुए उनकी सराहना की है। उन्होंने बताया कि शाहरुख ने उनकी वेब सीरीज ‘द फॉरगॉटन आर्मी’ में बिना किसी फीस के वॉयसओवर करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि वह थोड़ा डर के साथ शाहरुख के पास ये ऑफर लेकर पहुंचे थे और उन्होंने तुरंत हां कह दिया। कबीर खान ने कहा, ‘जब मैंने द फॉरगॉटन आर्मी बनाई थी और जिन्होंने इसे देखा है। हर एपिसोड से पहले 30 सेकंड का एक परिचय होता है, जिसमें एक वॉयसओवर होता है। वो आपको उस एपिसोड के बारे में बताता है।






## लाइफ Style

# अनन्या पांडे

धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म ‘स्टूडेंट ऑफ द इयर-2’ से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अनन्या पांडे आज इंडस्ट्री का जाना-माना नाम बन चुकी हैं। कुछ सालों पहले अनन्या पांडे को उनकी एक्टिंग और बोलचाल के स्टाइल के लिए सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जाता था, लेकिन अब समय के साथ उन्होंने अपनी एक्टिंग स्किल्स में काफी इम्प्रूव किया।


## सुहाना और अगस्त्य को दी नसीहत

एजेंसी ⏭ मुंबई

अपनी लास्ट रिलीज फिल्म ‘खो गए हम कहां’ के लिए उन्हें दर्शकों ने खूब प्यार दिया। अनन्या इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ आदित्य रॉय कपूर संग अपने रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में अनन्या पांडे ने नेहा धूपिया के शो में अपनी जिंदगी से जुड़े कई राज खोले, लेकिन साथ ही उन्होंने शाह रुख खान की लाडली सुहाना खान और उनके रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड अगस्त्य नंदा को एक बड़ी सलाह दी। नेहा धूपिया हर साल की तरह एक बार फिर से अपने चैट शो ‘नो फिल्टर नेहा’ के साथ लौट आई हैं। उनके इस शो पर खास मेहमान बनीं ‘गहराइयां’ एक्ट्रेस अनन्या पांडे। इस दौरान नेहा से बातचीत करते हुए अनन्या ने बताया कि उनकी बेस्ट फ्रेंड सुहाना खान और शनाया कपूर उनकी फैमिली की तरह है।

इस बातचीत में जब नेहा ने उनसे अपने दोस्तों को सलाह देने के लिए कहा, तो अनन्या ने सबसे पहले शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान को एडवाइज दी। उन्होंने सुहाना को सलाह देते हुए कहा कि हर चीज को अपने दिल पर लगाने की जरूरत नहीं है। अनन्या पांडे ने शनाया को तो नहीं, लेकिन अमिताभ बच्चन के नाती और कथित तौर पर सुहाना खान के ब्वॉयफ्रेंड अगस्त्य नंदा को सलाह दे दी।

# एना की फिल्म के सीक्वल का ऐलान



**लॉस एंजिलिस।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने 2018 की हिट फिल्म अ सिम्पल फेवर के दूसरे भाग की घोषणा की है। फिल्म में एना केंड्रिक, ब्लेक लाइवली, हेनरी गोल्डिंग, एंड्रू रैनल्स और बशीर सलाहुद्दीन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि पॉल फीग निर्देशन कर रहे हैं। पॉल ने पहले भाग को भी निर्देशित किया था। अ सिम्पल फेवर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। दुनियाभर में फिल्म ने 97 मिलियन डॉलर (लगभग 800 करोड़ रुपये) का कारोबार किया था। डार्सी बेल के किरदारों को जेसिका शॉरजर ने स्क्रीनप्ले में ढाला था। फिल्म में एना स्टेफनी स्मोदर्स का किरदार निभाती हैं, जबकि लाइवली का किरदार एमिली नेल्सन का है। दूसरे भाग में एमिली की शादी दिखाई जाएगी, जो इटली के एक अमीर बिजनेसमैन से कैपरी में हो रही है। हालांकि, इसमें ट्विस्ट आएगा। शादी में जगमगाते मेहमानों के साथ एक कत्ल और धोखे की भी तैयारी है। फिल्म की शूटिंग गर्मियों के बाद शुरू होगी और प्राइम वीडियो पर रिलीज की जाएगी।




# शादी के बाद शेयर कीं पहली तस्वीर

**मुंबई।** तापसी पन्नू पिछले कुछ दिनों से अपनी गुपचुप शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। ऐसा माना जा रहा है कि एक्ट्रेस ने अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में बॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ गुपचुप तरीके से शादी की है। हालांकि, एक्ट्रेस ने इस पर कोई पुष्टि नहीं की है, लेकिन फैंस को यकीन है कि एक्ट्रेस अब सिंगल नहीं हैं और इसी चर्चा के बीच, उन्होंने शुक्रवार को कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें उनकी रिंग देखकर कई लोग बातें कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें, तो ये फोटो तापसी ने शादी के बाद पहली बार शेयर की है। तापसी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी अनोखी साड़ी दिखाते हुए कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्हें फ्लेयर्ड पैंट और पीले और काले रंग की साड़ी के साथ काले रंग का लंबा कोट पहने देखा जा सकता है।



# ‘दबंग 4’ पर साझा किया अपडेट

**मुंबई।** सलमान खान को उनकी फिल्म ‘दबंग’ के बाद से ‘दबंग खान’ कहा जाने लगा। दर्शकों को यह फिल्म खास तौर पर पसंद आई थी, जिसके बाद ‘दबंग 2’ और ‘दबंग 3’ ने भी दर्शकों का दिल जीता। वहीं, अब दर्शक फिल्म की चौथी किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सलमान खान ने अपने भाई अरबाज खान द्वारा निर्मित डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग फिल्म ‘पटना शुक्ला’ के प्रीमियर में भाग लिया, जहां अभिनेता से ‘दबंग 4’ के बारे में सवाल किया गया। इस पर जवाब देते हुए सलमान खान ने कहा कि यह बहुत जल्दी होगा, जैसे ही हम दोनों भाई एक ही स्क्रिप्ट में लॉक हो जाएंगे तो यह मुमकिन हो पाएगा। अभी वे कुछ बनाना चाहते हैं और मैं कुछ और बनाना चाहता हूं, लेकिन जैसे ही एक स्क्रिप्ट फाइनल होगी और हम दोनों भाई साथ आएंगे, तब ‘दबंग 4’ रिलीज हो जाएगी।



# हीरोपंती के बाद ‘टाइगर दीदी’ के नाम से जानी जाती थीं कृति

**मुंबई।** अभिनेत्री कृति सेनन अपनी फिल्म ‘द क्रू’ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री करीना कपूर और तब्बू के साथ मुख्य भूमिका में हैं। कृति सेनन फिल्मों के अलावा तमाम विषयों पर अपनी राय देने के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में, एक इंटरव्यू के दौरान कृति सेनन ने बताया कि उनकी पहली फिल्म हीरोपंती के बाद लोग उन्हें टाइगर श्रॉफ की फिल्म में नजर आने वाली लड़की कहकर बुलाते थे। उन्होंने आगे बताया कि जब टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी पहली फिल्म हीरोपंती रिलीज हुई थी तो लोग उन्हें ‘टाइगर दीदी’ कहकर बुलाते थे। अभिनेत्री ने कहा कि जब आप फिल्म इंडस्ट्री से नहीं होते हैं तो लोगों को आपका नाम जानने और आपके नाम को आपके चेहरे से मिलाने में थोड़ा समय लगता है। उन्होंने बताया कि काफी लंबे समय तक लोग उन्हें टाइगर श्रॉफ की फिल्म में नजर आने वाली लड़की कहकर कहते थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति ‘क्रू’ के बाद ‘दो पत्ती’ में नजर आएंगी। ‘द क्रू’ रिया कपूर द्वारा निर्देशित और एकता कपूर द्वारा निर्मित है। वहीं फिल्म ‘दो पत्ती’ में कृति सेनन अभिनय के साथ-साथ निर्माण भी कर रही हैं।

## टीवी मसाला



# 11 साल बाद ‘पतिदेव’ रणबीर से मिली गुत्थी

**मुंबई।** ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आते ही कब्जा कर लिया है और दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। कपूर खानदान ने पहले एपिसोड की शोभा बढ़ाई। 26 मार्च को शो का पहला एपिसोड आया। ये अब तक कई लोगों का दिल जीत रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर जारी की गई छोटी सी क्लिप में, रणबीर कपूर को अपनी मां नीतू कपूर और बहन रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ कुछ प्यार भरे पल शेयर करते देखा जा सकता है। प्रोमो में रणबीर की ‘एक्स वाइफ’ गुत्थी भी हैं। दरअसल, कपिल शर्मा शो के एक एपिसोड में सुनील ग्रोवर ने खुद को रणबीर कपूर की पत्नी बताया था और उनके बिना ही शादी भी कर ली थी। तब से उन्हें रणबीर की पत्नी कहा जाता है। इस क्लिप ने न केवल स्टार्स को बल्कि दर्शकों को भी हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। गुत्थी और रणबीर की प्रेम कहानी 2013 से शुरू होती है जब रणबीर ‘कॉमेडी नाइट्स विद कपिल’ में दिखाई दिए थे। तब से, गुत्थी कपूर परिवार की स्व-घोषित ‘बहू’ रही हैं।

# मैडम तुसाद म्यूजियम में लगा अल्लू अर्जुन का पुतला




**मुंबई।** ‘पुष्पा’ एक्टर अल्लू अर्जुन इंटरनैशनल लेवल पर अपनी पहचान रखते हैं। उनका हाल ही में शानदार वैक्स स्टैच्यू दुबई के मैडम तुसाद म्यूजियम में रखा गया है। इस पुतले के साथ अल्लू अर्जुन ने पोज भी दिए जिसे देखकर ये बता पाना मुश्किल है कि कौन असली है और कौन नकली। इस स्टैच्यू की लॉन्चिंग पर एक्टर खुद दुबई पहुंचे थे और वो तस्वीरें भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। सबसे मजेदार वीडियो है जिसमें अल्लू अर्जुन नहीं बल्कि उकी बेटी सारी लाइमलाइट चुराती दिख रही। दरअसल अल्लू अर्जुन ने लॉन्च के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है जिसमें वह हूबहू वही कपड़ों में हैं जिसमें स्टैच्यू को तैयार किया गया है। अब जैसे ही उनके पुतले के सामने रखा पर्दा हटाया जाता है, एक्टर की बेटी उसी अंदाज में (फ्लावर नहीं फायर है मैं) पुतले के पास खड़ी दिख रही जिस पोज में वो स्टैच्यू है।

# रश्मिका ने विजय को बुलाया ‘डार्लिंग’



**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं। भले ही दोनों ने अपने रिलेशनशिप को कन्फर्म नहीं किया है, लेकिन उनका क्लोज बॉन्ड फैंस को सोचने पर मजबूर कर ही देता है। खैर, रिलेशनशिप को तो पता नहीं लेकिन रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा एक-दूसरे के साथ बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। दोनों एक-दूसरे को बेस्ट फ्रेंड कहते हैं। विजय और रश्मिका एक-दूजे को चीयर करना भी नहीं भूलते हैं। हाल ही में, रश्मिका ने भी ‘खुशी’ एक्टर को चीयर किया है। हाल ही में, विजय देवरकोंडा स्टारर फिल्म फैमिली स्टार का ट्रेलर रिलीज किया गया है। लोगों ने फिल्म का ट्रेलर बहुत पसंद किया। रश्मिका को भी विजय की फिल्म का ट्रेलर भा गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर रिएक्शन दिया है। ‘एनिमल’ एक्ट्रेस ने एक्स पर फैमिली स्टार का ट्रेलर रीशेयर किया और कैप्शन में लिखा, मैं फैमिली स्टार के लिए डार्लिंग परशुराम और विजय देवरकोंडा को सबसे अच्छे की बधाई देती हूं।

# सलमान के कहने पर कटरीना ने साइन की थी न्यूयॉर्क



मुंबई। कबीर खान बॉलीवुड इंडस्ट्री के पॉपुलर फिल्ममेकर हैं। कबीर ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में दी हैं और उनके साथ कई स्टार्स काम कर चुके हैं। बता दें कि कबीर की फिल्म न्यूयॉर्क में कटरीना कैफ ने काम किया था। आदित्य चोपड़ा ने कबीर को कटरीना की सलाह दी थी। हालांकि कटरीना उस वक्त फिल्म करने के लिए तैयार नहीं थी। हालांकि फिर सलमान खान ने कटरीना को इस फिल्म के लिए मनाया। कबीर ने दोनों का किस्सा शेयर किया है। कबीर ने कहा, ‘उस वक्त कटरीना, सलमान को डेट कर रही थीं। सलमान ने उनसे पूछा कि मीटिंग कैसी रही? उन्होंने कहा कि कोई नया फिल्ममेकर है जिन्होंने एक फिल्म बनाई है और अब वह मुझे कास्ट करना चाहते हैं।

# बायोपिक फिल्मों की बाढ़, दमदार कंटेट पर टिका भविष्य

## ‘यूपी फाइल्स’, ‘जेएनयू’ से लेकर ‘साबरमती रिपोर्ट’ रिलीज को तैयार

एजेंसी ⏭ मुंबई

पिछले कुछ समय में सिनेमाघरों रिलीज हो चुकी ‘आर्टिकल 370’, ‘बस्तरः द नक्सल स्टोरी’, ‘स्वातंत्र्य वीर सावरकर’ और आने वाले दिनों में रिलीज होने वाली ‘यूपी फाइल्स’, ‘जेएनयू’ और ‘साबरमती रिपोर्ट’ जैसी फिल्मों को लेकर चर्चा का दौर जारी है। चर्चित घटनाओं व मुद्दों से प्रेरित फिल्मों की रिलीज का सिलसिला पिछले कई सालों से जारी है। यह बात और है कि कुछ राजनीतिक दल इन फिल्मों का इसलिए विरोध करते हैं। वहीं कुछ राजनीतिक दल इन फिल्मों को लोगों को सच्चाई से रूबरू कराने के लिए जरूरी मानते हैं।




**अब समझदार हो गए हैं दर्शक :** फिल्मी दुनिया के जानकारों की अगर मानें तो असल घटनाओं से प्रेरित फिल्मों का जनता पर कम ही प्रभाव पड़ता है। जाने-माने फिल्म निर्माता और फिल्म स्वांतत्रय वीर सावरकर के प्रोड्यूसर आनंद पंडित से जब हमने आजकल रिलीज हो रही रियलिटी बेस्ड फिल्मों के ट्रेंड पर सवाल पूछा, तो उन्होंने बताया, ‘मुझे नहीं लगता कि रियलिटी बेस्ड फिल्में किसी खास रिलीज डेट पर रिलीज की जाती हैं। यह सिर्फ एक संयोग हो सकता है कि आजकल लगातार कुछ असल घटनाओं से प्रेरित फिल्में रिलीज हो रही हैं।

**गोधरा कांड पर प्रकाश डालेंगे मैसीः** वहीं 3 मई को गोधरा ट्रेन कांड पर आधारित फिल्म ‘साबरमती रिपोर्ट’ की रिलीज तय है, जिसमें चर्चित ऐक्टर विक्रांत मैसी नजर आएंगे। इसी दौरान फिल्म गुजरात दंगों पर आधारित फिल्म ‘गोधरा फाइल्स’ के भी रिलीज होने की चर्चा है। जून के महीने में कंगना रनौत की फिल्म ‘इमरजेंसी’ रिलीज होगी, जिसमें सत्तर के दशक में देश में लगे आपातकाल को दिखाया जाएगा।

### रिलीज होंगी रियल फिल्में

असल विषयों से प्रेरित फिल्मों की रिलीज का सिलसिला यहीं थमने वाला नहीं है। मार्च महीने के आखिरी शुक्रवार को ‘बंगाल 1947’ फिल्म रिलीज हुई, जिसमें भारत विभाजन की दास्तान को बंगाल के संदर्भ में दिखाया गया। इसके साथ ही एक और फिल्म ‘यूपी फाइल्स’ रिलीज होगी, जिसका हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है। वहीं अप्रैल के पहले हफ्ते में जहांगीर नैशनल यूनिवर्सिटी पर बनी फिल्म ‘जेएनयू’ रिलीज होगी। इस फिल्म के टीजर रिलीज के साथ ही यह विवादों में आ गई है और इसका विरोध हो रहा है।

### ब्रिटिश इंडिया से आजादी तक की कहानी

फिल्मवालों ने इस साल की शुरुआत से ही असल घटनाओं से प्रेरित तमाम ऐसी फिल्मों की रिलीज का सिलसिला शुरू कर दिया था, जिनको लेकर चर्चा हो सकती है। बीते साल ‘द केरल स्टोरी’ फिल्म बनाकर चर्चा में आए निर्माता विपुल शाह ने अबकी बार छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर आधारित फिल्म ‘बस्तर द नक्सल स्टोरी’ रिलीज की, जिसे दर्शकों ने साफ नकार दिया। इस फिल्म का न सिर्फ कई राज्यों में विरोध जारी रहा। बल्कि इसे बैन करने की भी मांग उठी थी। इसके अलावा हाल ही में रणदीप हुड्डा की फिल्म ‘स्वातंत्र्य वीर सावरकर’ रिलीज हुई है। इस फिल्म को लेकर बयानबाजियों का दौर गर्म है।

## न्यायालय कलेक्टर, दुर्ग जिला—दुर्ग (छत्तीसगढ़)

व्यक्तिगत उपस्थिति समन

रा.प्र.क. 19/ब—121/वर्ष2023—24

प्राधिकृत अधिकारी, आई.आई.एफ.एल फाय0 लिमि0 शाखा पहली मजिल लालगंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, अपो. होटल अमित रेसिडेंसी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ....वादी

प्रेषिती

1. श्री दीपक दुबे पिता श्री विजय नारायण दुबे, 2. श्रीमती मुन्नी दुबे पति श्री विजय नारायण दुबे, 3. श्री विजय नारायण दुबे पिता श्री गोरखनाथ दुबे दोनों निवासी— म0नं0 एमआई—100 आदर्श चौक कबीर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) .......अनावेदकगण

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत अनावेदकों द्वार। आवेदक बैंक से व्यवसाय ऋण की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में रखी गई बंधक संपत्ति—प्लाट नं0 एल0आई0जी0—12 रालस पार्क स्थित ख0नं0 1329/2 भूमि का क्षेत्रफल परिमाप 581 वर्गफीट कापरेट एरिया 576 वर्गफीट निर्मित क्षेत्र परिमाप 720 वर्गफीट सुपर बिल्डअप परिमाप 720 वर्गफीट ग्राम परसदा प0ह0नं0 4 तहसील भिलाई—3 जिला दुर्ग मे स्थित है, को बकाया राशि की अदायगी नही करने के कारण रिक्त भौतिक आधिपत्य में प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अन्तर्गत अनावेदक को इस न्यायालय द्वारा समक्ष सुनवाई किये जाने हेतु सुचना पत्र जारी कर आहूत किया गया था। जारी सूचना पत्र वापस अप्राप्त है।

चुंकि अनावेदकों को प्रकरण में समक्ष सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किय जाना है। अतएव इस समन के जरिये अनावेदक को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 01/04/2024 को कलेक्टर दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदी आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी मे की जाकर आपके विरूद एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)
पृ कमांक 63/प्र.कले./2024

सिटी कलेक्टर, वास्ते कलेक्टर, दुग
दुर्ग, दिनांकः 28/03/2024

## जैकेट के शेष

### पिता की हत्या, भाई ....

नहीं हैं। फिलहाल वे जगदलपुर में अपने एक मित्र के यहां हैं। पिता की नक्सल हत्या और भाई के अपहरण, हमले के बाद उन्हें सुरक्षा का भारी खतरा महसूस हो रहा है। प्रकाश गोटा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि वे आम आदमी हैं, कोई राजनीतिज्ञ नहीं हैं। यही वजह है कि वे किसी पार्टी से टिकट मांगने नहीं गए। निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

### 1800 करोड़ वसूलने .....

उसे आर्थिक रूप से पंगु बनाने और उसके खिलाफ कर अधिकारियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

### ....तो, फिर किसी की ....

अपना काम करती है तो ये नहीं होता। उनको ये भी सोचना चाहिए कि वो सब कर रहे हैं कि किसी न किसी दिन बीजेपी की सरकार बदलेगी और फिर कार्रवाई होगी और ऐसी कार्रवाई होगी कि मैं गारंटी कर रहा हूं ये फिर से कभी नहीं होगा।

### जमीनों की गाइडलाइन ....

छूट 31 मार्च 2024 तक लागू थी। लेकिन अब मौजूदा सरकार ने इस छूट की अवधि को आगे बढ़ाने की मंजूरी नहीं दी है। इसका मतलब ये है कि अब 30 जमीनों की रजिस्ट्री निर्धारित मूल्य के अनुसार होगी।

### रामेश्वरम कैफे तक ....

एजेंसी की टीम तीन राज्यों के अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। एनआईए की टीम कर्नाटक के 12, तमिलनाडु के 5 और उत्तर प्रदेश के एक सहित कुल 18 जगहों पर छापेमारी की है। जिसके बाद मुजम्मिल शरीफ को सह-साजिकर्ता के रूप में पकड़ा गया है।

**दो मुख्य आरोपी अभी भी फरार :** एनआईए की टीम 3 मार्च, 2024 को इस मामले पर छानबीन शुरू की। मुजम्मिल शरीफ से पहले मुख्य आरोपी मुस्सविर शाजीब हुसैन के बारे में टीम को पता चला। वहीं, जांच एजेंसी को मामले में एक और साजिशकर्ता के बारे में पता चला है, जिसका नाम अब्दुल मथीन ताहा है। फिलहाल ये दोनों एनआईए की गिरफ्त से फरार है और एनआईए टीम तालाशी में जुटी हुई है।

### हाईकोर्ट ने पूछा- जब ....

करने के निर्देश दिए हैं। रेलवे ने हाईकोर्ट में कहा है कि दूसरी, तीसरी लाइन बनाने के साथ ही कुछ बड़े प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है इसलिए अभी परेशानी है। इसके साथ ही रेलवे की ओर से कहा गया है कि लंबी दूरी की ट्रेनें कैंसिल नहीं की जा रही है, लोकल और कुछ पैसेंजर ट्रेनों पर जरूर असर पड़ा है। दूसरी ओर आरटीआई से **मिली जानकारी के मुताबिक :** पिछले चार सालों में 70 हजार के करीब ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसमें 2020 में 32,757 ट्रेनें, वर्ष 2021 में 32,151 ट्रेनें, वर्ष 2022 में 2,474 ट्रेनें और वर्ष 2023 में 2,271 ट्रेनें निरस्त की गई। यात्री ट्रेनों के लगातार रद्द होने पर यात्रियों को हो रही परेशानी पर कमल कुमार दुबे ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में यात्री गाड़ियां लगातार रद्द की जा रहीं हैं। यात्रियों को अचानक ही पता चलता है कि एक्सप्रेस या पैसेंजर ट्रेन नहीं चलेगी। कई बार तो रिजर्वेशन कराने के बाद यात्रियों को यात्रा रद्द करनी पड़ती है। जरूरी कार्य होने पर मुश्किल हो जाती है। दूसरी ओर माल गाड़ियां उसी रूट पर लगातार चलाई जा रहीं हैं। चीफ जस्टिस और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद इसे गंभीरता से लिया है।

### सबसे ज्यादा कमाई, लेकिन ....

लेकिन जब सुविधा देने की जब बारी आ रही है तो विगत नौ साल से छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को केंद्र की उपेक्षा ही मिली है। मोदी सरकार रेलवे की यात्री सुविधाओं को समाप्त कर इसे सिर्फ मालवाहक बनाना चाहती है, इसलिए कि यात्री ट्रेनों की अपेक्षा माल भाड़े में रेलवे को 300 से 400 प्रतिशत ज्यादा मुनाफा मिलता है।

### एक महीने में ही .....

और ट्रेनें लेट होने लगती है। दूसरे जोन के स्टेशनों में यह स्थिति नहीं है और समय पर गाड़ियां चल रही है। इसके साथ ही पिछले करीब एक महीने में ही रेलवे ने 34 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं तो कुछ के मार्ग परिवर्तन किए गए हैं। वैसे हर माह औसतन 8- 10 दिन यात्री ट्रेनें रद्द कर दी जाती हैं, इनमें पैसेंजर, एक्सप्रेस दोनों ही शामिल हैं। लोकल ट्रेनों का भी यही हाल है। इसमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, साउथ, एमपी, यूपी हर तरफ जाने वाली ट्रेनें शामिल हैं। याचिका के अनुसार रेलवे प्रशासन को ट्रेनों के सही तरीके से परिचालन में कोई रूचि ही नहीं है। वहीं, सिर्फ माललदान और मालगाड़ियों की चिंता रहती है। मालगाड़ियों के लिए यात्री ट्रेनों को कहीं भी खड़ी कर दी जाती है, जिसके चलते यात्री ट्रेनें लेट हो रही है।

## पेज एक के शेष

### जिस इलाके में एएसपी...

को करने का साहस नहीं जुटा पा रहा था। मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य सड़क मैनपुर से 09 किलोमीटर दबनई नाला के पास से आमामोरा पहाड़ी के ऊपर बसे गांव की दूरी 26 किलोमीटर है, लेकिन बेहद ही खराब, पथरीला, पगडंडी रास्ता, नदी नाला होने के कारण यहां पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं था। गरियाबंद जिले के दुर्गम पहाड़ी नक्सल प्रभावित इलाके ओंढ आमामोरा मार्ग में सडक निर्माण के लिए पिछले 15 वर्षों में 24 बार टेंडर निकाला गया, लेकिन नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार पीछे हटते गए। अब 25वां टेंडर होने के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। **5 हिस्से में अलग-अलग इस सड़क निर्माण का टेंडर दिया गया :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एसडीओ कमलेश चन्द्राकर ने बताया कि पिछले 15 वर्षों में ओंढ आमामोरा सड़क के लिए 24 बार टेंडर किया गया, लेकिन निर्माण कार्य करने कोई भी ठेकेदार सामने नहीं आए। 25वी बार 05 हिस्से में अलग-अलग इस सड़क का निर्माण कार्य का टेंडर दिया गया और लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से 31.65 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 10 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य हो चुका है।

### 2005 में शुरू हुई...

सड़क निर्माण बहुंत बड़ी चुनौती से कम नहीं है, लेकिन दो वर्ष पहले इस क्षेत्र के छिन्दौला ओंढ में सीआरपीएफ कैम्प की स्थापना के बाद अब इस क्षेत्र में सडक निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। सड़क का पूरा निर्माण कार्य सीआरपीएफ जवानों की सुरक्षा में किया जा रहा है। सीआरपीएफ जवानों की तैनाती में सड़क निर्माण कार्य जारी है। गरियाबंद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के निर्देशन में डीआरजी, सीआरपीएफ के साथ समन्वय कर ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर इलाके से नक्सलियों को खदेड़ने में सफलता मिली है। जिसके बाद सड़क निर्माण कार्य अब लगभग 10 किलोमीटर से भी ज्यादा बन चुका है।

### एडिशन एसपी समेत...

बाद से यह क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के नाम से जाने जाना लगा। वहीं 07 से 08 वर्ष पूर्व इसी इलाके में बम फटने से पुलिस के दो और जवान शहीद हो गए थे। इस क्षेत्र में अब तक 11 जवान शहीद होने की जानकारी बताई जाती है।

### माफिया मुख्तार की मौत...

बताया जा रहा है कि प्राइमरी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट अटैक सामने आई। मुख्तार की मौत के बाद योगी सरकार ने गाजीपुर-मऊ समेत पूरे उत्तर प्रदेश में धारा 144 लागू की है। सुरक्षा के मद्देनजर सभी डीएम-एसपी को अलर्ट पर रखा गया है। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाई गई। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान संवेदनशील इलाकों में मस्जिदों पर फोर्स तैनात की गई। सोशल मीडिया में विशेष निगरानी की जा रही है। बता दें कि मुख्तार अंसारी 2005 से सजा काट रहा था। अलग-अलग मामलों में उसे दो बार उम्रकैद हो चुकी थी। उसके खिलाफ 65 से अधिक मामले लंबित थे।

## 2,500 फॉलोअर्स हैं तो मिलेगा एक्स प्रीमियम का सब्सक्रिप्शन फ्री

**नई दिल्ली।** ट्विटर के मालिक बनने के बाद एलन मस्क ने ट्विटर का नाम एक्स कर दिया। इसके अलावा उन्होंने एक्स की प्रीमियम सर्विसेज लॉन्च की जो कि शुल्क आधारित हैं। प्रीमियम सर्विस के तहत यूजर्स को पोस्ट एडिट करने, लंबे पोस्ट करने, मोनेटाइजेशन और लंबे वीडियो अपलोड करने जैसी सुविधाएं मिलती हैं। अब एलन मस्क ने प्रीमियम और प्रीमियम प्लस को कुछ यूजर्स के लिए फ्री कर दिया है।

## राशिफल

**मेष** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## गुड फ्राइडे का जुलूस





(1) ईसा मसीह को गुड फ्राइडे के दिन ही सूली पर चढ़ाया गया था। गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में देश-दुनिया में ईसाई श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को जुलूस निकाला। जालंधर, पंजाब में भी बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग जुटे। (2) स्पेन के दक्षिणी शहर अलकाला ला रियल में कैथोलिक ब्रदरहुड के सदस्य)।

### मुख्तार अंसारी की जेल में रुतबे की चार कहानियां

# मछलियां खाने के लिए जेल में खुदवा दिया था तालाब

*पूर्व विधायक और माफिया डॉन मुख्तार अंसारी अब इस दुनिया में नहीं है। गुरुवार को यूपी की बांदा जेल में बंद मुख्तार की तबीयत बिगड़ जाने के बाद उसे बांदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान कथित रूप से हार्ट अटैक हो जाने से उनकी मौत हो गई। काफी समय से जेल में बंद मुख्तार का कभी जेल में काफी दबदबा रहा करता था। आइए, जानते हैं उसके जेल में रुतबे की चार कहानियां...*

### स्टोरी-1/ मछलियां खाने के लिए खुदवा दिया था तालाब

यूपी की जेलों में मुख्तार के रुआब का एक नमूना गाजीपुर जेल का किस्सा है। 2005 में मऊ में हिंसा भड़कने के बाद मुख्तार अंसारी ने सरेंडर किया था। उसे गाजीपुर जेल में रखा गया। मुख्तार तब विधायक था। मुख्तार की जेल में होने वाली अदालत में पूर्वांचल से लेकर बिहार तक के रेलवे, स्क्रैप, कोयला, रेशम आदि के ठेके-पट्टों का फैसला होता था। मोबाइल का इस्तेमाल करना कोई हैरानी की बात नहीं थी। उसने पूर्वांचल के कई जिलों में गैरकानूनी तरीके से आंध्र प्रदेश से मछली मंगवा कर बेचने का बड़ा कारोबार भी स्थापित कर लिया था। गाजीपुर में सरकारी जमीन पर कब्जा करके वेयरहाउस और होटल बनवाए



थे। सपा सरकार में तो वह लंबे वक्त तक केजीएमयू में इलाज कराने के बहाने लखनऊ में टिका रहा। कहा जाता है कि उसने ताजी मछलियां खाने के लिए जेल में ही तालाब खुदवा दिया था। राज्यसभा सांसद और पूर्व डीजीपी बृजलाल ने भी इस बात को माना था।

### स्टोरी-2

#### बांदा जेल आया तो डेढ़ साल खाली रही जेलर की कुर्सी

मुख्तार अंसारी को पंजाब की रोपड़ जेल से अप्रैल 2021 में यूपी की बांदा जेल शिफ्ट किया गया। इसका असर ये हुआ कि कोई भी जेलर इस जेल का चार्ज लेने के लिए ही तैयार नहीं हुआ। बाद में दो जेल अधिकारियों विजय विक्रम सिंह और एके सिंह को भेजा गया। जून 2021 में बांदा जिला प्रशासन ने जेल पर छापा मारा। उस दौरान कई जेल कर्मचारी मुख्तार की सेवा में लगे मिले। तत्कालीन डीएम अनुराग पटेल और एसपी अभिनंदन की जॉइंट रिपोर्ट पर डिप्टी जेलर वीरेश्वर प्रताप सिंह और 4 बंदी रक्षक सस्पेंड कर दिए गए थे।

### स्टोरी-3/ बैरक से बाहर आने पर बंद हो जाते थे सीसी कैमरे

मुख्तार दो साल से बांदा जेल में बंद था। मार्च, 2023 के आखिरी हफ्ते में इस जेल से एक कैदी छूटकर बाहर आया था। नाम न बताने की शर्त पर उसने बताया कि मुख्तार को स्पेशल हाई सिक्योरिटी सेल में रखा गया था। उसकी बैरक दूसरे कैदियों से अलग थी। ये बैरक जेल के बीच वाले गेट के पास ही बनी है। गेट के पास ही वह हर रोज घंटे-दो घंटे कुर्सी 'डालकर बैठता था। वहीं जेल अधिकारियों और दूसरे कैदियों से मिलता था। मुख्तार जब तक वहां बैठता था, कोई उस गेट से आ-जा नहीं सकता था। मुझे जब जेल से छूटना था, तब भी मुख्तार उसी गेट पर बैठा था। इस वजह से मेरी रिहाई करीब दो घंटे लेट हुई। मुख्तार जितनी देर अपनी बैरक से बाहर रहता था, तब तक जेल के उस हिस्से के कैमरे बंद रहते थे, ताकि वह किससे मिल रहा है, यह किसी को पता न चले।

### स्टोरी-4

#### मुख्तार की बैरक में मिले थे दशहरी आम, होटल का खाना

जून, 2022 में बांदा जेल में डीएम ने छापा मारा था। सूत्र बताते हैं कि तब मुख्तार की बैरक में दुशहरी आम के साथ-साथ होटल का खाना मिला था। मुख्तार का रुतबा इतना था कि वह जो सुविधा चाहता, "वह उसे बैरक में ही मिल जाती थी। बताया जाता है कि मुख्तार जब ट्रांसफर होकर बांदा जेल आया, तो उसके गुर्गे जेल के आसपास किराए पर कमरा लेकर रहने लगे थे। मुख्तार के बड़े भाई और गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी ने बांदा जेल में मुख्तार की हत्या का अंदेशा जताया था।

## अमेरिका और जर्मनी के बाद अब यूएन ने उठाए सवाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के अकांउट फ्रीज किए जाने के सवाल पर अब संयुक्त राष्ट्र ने भी टिप्पणी की है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उसे उम्मीद है कि हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में भारत में होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान कर सकेगा। इससे पहले जर्मनी और अमेरिका ने भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया दी थी। जिसके बाद भारत ने कड़ा एतराज जताते हुए जर्मन और अमेरिकी डिप्लोमैट को तलब किया था।

■ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गरमा रहा केजरीवाल की गिरफ्तारी का मामला

केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के बैंक अकांउट फ्रीज किए जाने को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा है कि इसकी उम्मीद है कि भारत में अन्य चुनाव वाले देशों की तरह राजनीतिक और नागरिक अधिकार सुरक्षित रहेंगे जिससे हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम हो। दिल्ली शराब नीति में घोटाले के आरोप में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के आरोपों पर अमेरिका ने दो बार टिप्पणी की है।

## यूक्रेन ने जंग को खत्म करने के लिए भारत से मांगी मदद

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर से मिले यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

युद्ध शुरू होने के 2 साल बाद पहली बार नई दिल्ली की यात्रा पर आए यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की है। वे भारत के निमंत्रण पर गुरुवार को दो दिनों की यात्रा पर दिल्ली पहुंचें यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने भारत के साथ रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में 'शांति कैसे लाई जाए' इस मुद्दे पर बात की है।

भारतीय विदेश मंत्री से मुलाकात के दौरान भी यूक्रेनी विदेश मंत्री ने युद्ध को लेकर बात की है और जंग को खत्म करने के लिए भारत की मदद मांगी है। भारतीय विदेश मंत्री ने अपने यूक्रेनी समकक्ष से कहा कि आपकी यात्रा हमें आपके अपने क्षेत्र की स्थिति को समझने का अवसर देती है।

## गूगल का बड़ा एक्शन हटाए 1.2 करोड़ अकाउंट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



गूगल ने विज्ञापन फर्जीवाड़ा करनेवालों के 1.2 करोड़ अकाउंट ब्लॉक किए हैं। गूगल का कहना है कि उसकी फर्जीवाड़े, डीपफेक, चुनावी ऐड खिलाफ लड़ाई जारी है और विज्ञापन वेरिफिकेशन एआई से चुनौती बढ़ गई है। गूगल ने विज्ञापन दिखाने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वालों पर कड़ा एक्शन लिया है। गूगल की ओर से ऐसे करीब 1.2 करोड़ गूगल अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है, जो गूगल की विज्ञापन नीति का उल्लंघन करके अपने विज्ञापन यूजर्स को दिखा रहे थे। गूगल का कहना है कि नियमों के उल्लंघन की वजह से मैलवेयर और फर्जीवाड़े की बढ़ने की सूचनाएं मिल रही थी, जिसकी जांच के बाद उन गगूल अकाउंट को हटाया गया है, जो नियमों को बायपास करके विज्ञापन जारी कर रहे थे। गूगल की ओर से यह जानकारी उसकी वार्षिक विज्ञापन सुरक्षा रिपोर्ट के हवाले से जारी की गई है। गूगल का कहना है कि यूजर्स की गोपनीयता और सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा।


### आधिपत्य सूचना

HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

**शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर**

Tel: 0771-4243149/240 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

जबकि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी), प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('उक्त अधिनियम') और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए गए। उक्त अधिनियम के तहत, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों से आव्हान किया गया है कि वे अपने संबंधित नामों के सामने उल्लेखित राशि का भुगतान उक्त नोटिस में उल्लेखित लागू दरों पर ब्याज सहित करें। उक्त नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिन, आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान और/या वसूली की तारीख तक।

| क्रं. | ऋणी (ओं) के नाम/ कानूनी वारिस (ओं) एवं कानूनी प्रतिनिधि (यों) | बकाया राशि* | मांग सूचना की दिनांक | आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **श्री बासु विश्वजीत** (मृत्यु पश्चात्) की पत्नी/पुत्र/पुत्री एवं ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी एवं नामांकित **श्री बासु विश्वजीत** (मृत्यु पश्चात्) के द्वारा किया हुआ डी-207, नर्मदा नगर, "बिलहारी सिटी" जबलपुर-482001. **श्रीमती इप्सिता घोष**, द्वारा-**संध्या घोष**, टॉऊन कॉलोनी, टाटीझरिया, पश्चिम मिदनापुर, पश्चिम बंगाल-721101, मोबाइल 9932664820. | ₹15,08,046/- दिनांक 30 अप्रैल 2022* तक | 10-JUN-22 | 27-MAR-24 (भौतिक कब्जा) | फ्लैट-110, फ्लोर-प्रथम, कृष्णा पैराडाईस ब्लॉक-ए (फेस 1), स.क्र., खसरा नं. 431/1-2, प.ह.नं. 104/35, ग्राम-सरोना, रायपुर |

*भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ।

हालाँकि, चूँकि ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति(यों) पर कब्ज़ा कर लिया है। उक्त अधिनियम ऊपर उल्लेखित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाता है।

विशेष रूप से ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ लेनदेन न करें और उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ कोई भी लेनदेन एचडीएफसी के बंधक के अधीन होगा।

उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।


निकाले गए पंचनामा और बनाई गई सूची की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त करें।

स्थान-रायपुर (छ.ग.), दिनांक : 30.03.2024

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड के लिए
वास्ते
प्राधिकृत अधिकारी

रजिस्टर्ड ऑफिस : एच.डी.एफ.सी. बैंक हाउस, सेनापती बापत मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013


## शब्द पहेली - 5466



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 5465 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | ख्वा | ई | ■ | श | र |
| रा | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | व | ज | न | दा | र |
| ■ | ह | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ह |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | रा | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | ■ | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल- 5477

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5476 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| चेन्नई | 2 | 2 | 0 | 4 |
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| राजस्थान | 2 | 2 | 0 | 4 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 2 | 1 | 1 | 2 |
| बेंगलोर | 3 | 1 | 2 | 2 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 2 | 0 | 2 | 0 |
| मुंबई | 2 | 0 | 2 | 0 |
| लखनऊ | 1 | 0 | 1 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
181 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
06 विकेट
चेन्नई

### बाउंड्री मीटर

279 चौके

194 छक्के

## खबर संक्षेप



### आलोचनाओं पर ध्यान नहीं दें हार्दिक, यह अप्रासंगिक

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने हार्दिक पंड्या को सलाह दी है कि वह मुंबई इंडियंस का नया कप्तान बनाए जाने के बाद हो रही हूटिंग पर ध्यान नहीं दें क्योंकि यह सभी 'अप्रासंगिक' हैं। इस सत्र की शुरुआत से पहले पांच बार के आईपीएल विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह मुंबई की कप्तानी संभालने वाले हार्दिक के कप्तानी कार्यकाल की शुरुआत निराशाजनक रही क्योंकि मुंबई की टीम ने शुरुआती दोनों मैच गंवा दिए हैं। दो हार के अलावा गुजरात टाइटंस के पूर्व कप्तान हार्दिक की मुंबई के पहले दो मुकाबलों के आयोजन स्थल अहमदाबाद और हैदराबाद में प्रशंसकों ने खूब हूटिंग की क्योंकि वे रोहित को कप्तानी से हटाने के तरीके से स्पष्ट रूप से नाखुश थे।

### यह संभवतः मेरा सर्वश्रेष्ठ अंतिम ओवर

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश खान को लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा चरण में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जो अंतिम ओवर डाला था, वह 'डेथ ओवरों' में संभवतः उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास था।



आवेश को गुरुवार रात को अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव करना था और वह आराम से ऐसा करने में भी सफल रहे जिसमें उन्होंने एक के बाद एक यार्कर डालकर प्रतिद्वंद्वी टीम को महज चार रन ही दिए। इससे राजस्थान ने दिल्ली कैपिल्स पर 12 रन से जीत हासिल की। उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं है कि मैंने पहली बार अंतिम ओवर डाला है। पिछले साल मैंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ ऐसा किया था। जब मैं दिल्ली के लिए खेलता था तो वहां भी अंतिम ओवर डाला था।

### अनुजा के शतक से मध्य क्षेत्र पर पश्चिम क्षेत्र भारी

**पुणे।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अनुजा पाटिल के आक्रामक शतक से पश्चिम क्षेत्र ने यहां महिला अंतरक्षेत्रीय बहुदिवसीय कप के दूसरे दिन मध्य क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 111 रन की बढ़त हासिल कर ली। मध्य क्षेत्र के पहली पारी में 245 रन के जवाब में पश्चिम क्षेत्र ने अनुजा की 120 गेंद में 122 रन की



पारी के अलावा जेमिमा रोड्रिग्ज (69 रन) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 155 रन की साझेदारी से पहली पारी में 356 रन बनाए। मध्य क्षेत्र ने दूसरी पारी में बेहतर शुरुआत करते हुए बिना विकेट खोए 68 रन बना लिए हैं। टीम अब सिर्फ 43 रन से पिछड़ रही है जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। दिन का खेल खत्म होने पर पूनम राउत 32 जबकि नुजहत परवीन 35 रन बनाकर खेल रहीं थी।

# उन्मुक्त चंद आउट, अमेरिका ने 15 सदस्यीय टी-20 टीम का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

कनाडा के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अमेरिका ने अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। मोनंक पटेल के हाथों में टीम की बागडोर सौंपी गई है। वहीं, एरोन जोन्स को उकप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन को भी टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, उन्मुक्त चंद टीम में जगह बनाने में असफल रहे हैं।

अमेरिका की 15 सदस्यीय टीम में कई चौंकाने वाले नाम शामिल हैं। साल 2012 में भारत की अंडर 19 चैंपियन टीम का हिस्सा रहे हरमीत सिंह को भी टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल चुके मिलिंद कुमार को भी टीम में रखा गया है।



### अंडर-19 चैंपियन को नहीं मिली जगह

भारत को अंडर-19 चैंपियन बनाने वाले कप्तान उन्मुक्त चंद को अमेरिका की 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले इस सीरीज को अमेरिका के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। ऐसे में उन्मुक्त का टीम में ना होना उनके लिए खतरे की घंटी है। साल 2011 विश्व कप में कनाडा की कप्तानी करने वाले नीतिश कुमार की भी इस सीरीज से इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी होने जा रही है। हालांकि, वह अमेरिका की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे।

### सीरीज का शेड्यूल

अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाली टी-20 सीरीज का आगाज 7 अप्रैल से होगा। दूसरा मुकाबला 9 अप्रैल को खेला जाएगा। वहीं, तीसरा 10 और चौथा मुकाबला 12 अप्रैल को खेला जाना है। सीरीज का अंतिम मैच 13 अप्रैल को खेला जाएगा। सभी मैच टेक्सास में खेले जाने हैं।

### यूएसए टी-20 टीम

मोनांक पटेल (कप्तान), एरोन जोन्स (उप-कप्तान), एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, गजानंद सिंह, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केनजिगे, सौरभ नेत्रावलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, उस्मान रफीक।

### चयन नहीं होने पर भड़के उन्मुक्त

उन्मुक्त चंद ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग मेजर लीग क्रिकेट और ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग सहित दुनिया भर की विभिन्न टी20 लीगों अपना जलवा बिखेरा है। वह एमएलसी के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्मुक्त ने 45 पारियों में 1500 रन बनाए हैं। हालांकि इसके बाद भी उन्मुक्त का सिलेक्शन यूएसए टीम में नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने अपनी भड़ास निकाली है। टीम में नहीं चुने जाने के बाद उन्मुक्त चंद ने खराब सिस्टम का का हवाला देकर यूएसए क्रिकेट की आलोचना की है। साथ ही इसे बदलने की सलाह भी दे दी। उन्होंने लिखा, जीवन की विडंबना, मैं लोगों को खराब व्यवस्था और सही परिवर्तनों की आवश्यकता के बारे में शिकायत करते हुए सुनता रहता हूं, लेकिन जब वही लोग सत्ता में आते हैं, तो वे भी वही अन्यायपूर्ण तरीके अपनाते हैं। अब समय आ गया है कि हम अपने अंदर बदलाव लाएं और जो सही है उसके लिए मजबूती से खड़े हों।

# मेजबान की मौजूदा सत्र में पहली हार

- कोलकाता ने बेंगलोर को 7 विकेट से हराया
- नारायण ने 22 गेंद में खेली 47 रन की तूफानी पारी
- वेंकटेश ने चार छक्के और तीन चौके से बनाए 50 रन
- कोहली की नाबाद 83 रन की पारी हो गई बेकार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वेंकटेश अय्यर के अर्धशतक और सुनील नारायण की तूफानी पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने वेंकटेश (50 रन) और नारायण (47 रन) की तूफानी पारियों से 19 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 186 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नारायण और फिल सॉल्ट (30 रन) ने पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 86 रन जोड़कर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई जबकि वेंकटेश ने कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 39 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर जीत की राह आसान की। केकेआर इस तरह मौजूदा सत्र में मेजबान टीम को हराने वाली पहली टीम बना। इससे पहले लगातार 9 मैचों में मेजबानों ने जीते थे।



### दूसरे नंबर पर कोलकाता

इस जीत के साथ कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम मौजूदा सीजन के पॉइंट्स टेबल के दूसरे नंबर पर आ गई है। टीम के खाते में दो मैच के बाद 4 अंक हैं। टेबल के टॉप पर चेन्नई और तीसरे नंबर पर राजस्थान की टीम है। इन दोनों ने भी 4-4 अंक हासिल कर लिए हैं।



### केकेआर की दूसरी जीत

कोलकाता नाइट राइडर्स ने 19 बॉल पहले ही जीत दर्ज कर ली। 17वें ओवर की पांचवीं बॉल पर केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने विनिंग सिक्स लगाया, इसी के साथ टीम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली। इससे पहले टीम ने हैदराबाद को हराया था।

### कोहली का अर्धशतक

आरसीबी ने कोहली की 59 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से नाबाद 83 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 182 रन बनाए। कोहली ने कैमरन ग्रीन (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 और ग्लेन मैक्सवेल (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी भी की। दिनेश कार्तिक ने अंत में आठ गेंद में तीन छक्कों की मदद से 20 रन बनाए।

### एक टीम के लिए छक्के

| खिलाड़ी | टीम | मैच | छक्के |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली | बेंगलोर | 240 | 241* |
| क्रिस गेल | बेंगलोर | 85 | 239 |
| एबी डिविलियर्स | बेंगलोर | 156 | 238 |
| कीरोन पोलार्ड | मुंबई | 189 | 223 |
| रोहित शर्मा | मुंबई | 200 | 210 |
| महेंद्र सिंह धोनी | चेन्नई | 222 | 209 |

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 83 | 59 | 4 | 4 |
| डुप्लेसी का स्टार्क बो हर्षित | 08 | 06 | 0 | 1 |
| कैमरन ग्रीन बो रसेल | 33 | 21 | 4 | 2 |
| मैक्सवेल का रिंकू बो नारायण | 28 | 19 | 3 | 1 |
| पाटीदार का रिंकू बो रसेल | 03 | 04 | 0 | 0 |
| रावत का सॉल्ट बो हर्षित | 03 | 03 | 0 | 0 |
| दिनेश कार्तिक रन आउट | 20 | 08 | 0 | 3 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 182/6
गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-47-0, हर्षित 4-0-39-2, अनुकूल 2-0-6-0, नारायण 4-0-40-1, रसेल 4-0-29-2, चक्रवर्ती 2-0-20-0.

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का ग्रीन बो विशाख | 30 | 20 | 2 | 2 |
| सुनील नारायण बो डागर | 47 | 22 | 2 | 5 |
| वेंकटेश का कोहली बो दयाल | 50 | 30 | 3 | 4 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 39 | 24 | 2 | 2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 05 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 16.5 ओवर में 186/3
गेंदबाजी : सिराज 3-0-46-0, दयाल 4-0-46-1, जोसेफ 2-0-34-0, डागर 2.5-0-23-1, विशाख 4-0-23-1, ग्रीन 1-0-7-0.

खास खबर

### मोंटे कार्लो और म्यूनिख में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे मरे



**लंदन।** एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्लू ओपन अगले हफ्ते से खेला जाएगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बाएं टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पाएंगे।

### चोट के बाद वापसी में नोर्किया को लगेगा समय

**जयपुर।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स को लगता है कि टीम के आलोचनाओं से घिरे तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया समय के साथ बेहतर होते जाएंगे क्योंकि उन्होंने छह महीने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है। राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग ने गुरुवार रात को अंतिम ओवरों में नोर्किया की गेंदों की धज्जियां उड़ा दीं जिससे उन्होंने अपने चार ओवर में 48 रन लुटा दिए। राजस्थान ने अंत में यह मैच 12 रन से जीत लिया। नोर्किया सितंबर 2022 के बाद से ही क्रिकेट से बाहर थे और इस महीने के शुरु में तीन घरेलू टी20 मैच खेलने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने लगे।

### डार्टमाउथ कॉलेज में भाषण देंगे फेडरर

**कॉनकॉर्ड।** स्विट्जरलैंड के महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर जून में डार्टमाउथ कॉलेज के छात्रों को सत्र प्रारंभ होने से पहले शुरुआती भाषण देंगे और इस दौरान उन्हें मानद डॉक्टर की उपाधि भी प्रदान की जाएगी। 'द इवी लीग स्कूल' ने इसकी जानकारी दी। फेडरर हनोवर में नौ जून को होने वाले इस समारोह में स्नातक छात्रों को संबोधित करेंगे और 'डॉक्टर ऑफ ह्यूमेन लेटर्स डिग्री' की मानद उपाधि भी प्राप्त करेंगे। डार्टमाउथ की अध्यक्ष सियान लिया बेलॉक महान टेनिस खिलाड़ी फेडरर की मुरीद हैं।

## बोपन्ना-इबडेन मियामी खिताब से एक कदम दूर, डोडिग-क्राजिसेक से आज होगा सामना

एजेंसी ▶▶| मियामी

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1, 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा।



फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4, 6-7(7), 10-7 से मात दी। बोपन्ना दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

### सिंधू हारी, सिक्की-सुमित सेमीफाइनल में पहुंचे

**मैड्रिड।** भारत की पीवी सिंधू कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। सिंधू को थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 24-26, 21-17, 22-20 से हरा दिया। एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की दंपति जोड़ी ने रेहान नोफल कुशारजंतो और लिसा आयु कुसुमावती की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 14-21, 21-11, 21-17 से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### इंग्लैंड ने 4-1 से जीती सीरीज...




**वेलिंग्टन।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की सीरीज 4-1 से जीत लिया। शुक्रवार को पांचवे मैच में मेजबान न्यूजीलैंड को 5 विकेट से शिकस्त मिली। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 6 विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 18.5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबला आज शाम 7.30 बजे

## जीत के लिए आलराउंड प्रयास करेंगे सुपर जायंट्स

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम जब शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होंगी। लखनऊ सुपर जायंट्स को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में क्रुणाल पंड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाए थे और वे प्रभावित नहीं कर सके।

मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज



गेंदबाज कमजोर दिखे जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी। आगामी टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की मुहिम में जुटे रवि बिश्नोई टीम के आईपीएल में शुरुआती मैच में साधारण दिखे। कप्तान राहुल ने भी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने का फैसला किया और वापसी वाले मैच में 58 रन की पारी खेली जिससे वह अगले मैच में इससे और बेहतर करना चाहेंगे। साथ ही वह उम्मीद करेंगे कि उनकी सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी करे। टीम को देवदत्त पडीक्कल, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल से भी निचले क्रम में अच्छे प्रदर्शन की आस होगी।

### पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत

पंजाब किंग्स ने अभी तक दो में एक में जीत हासिल की जबकि एक में उसे हार मिली। शिखर धवन की अगुवाई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है और ऐसा तभी होगा जब पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो धमाकेदार बल्लेबाजी करें। सिर्फ आईपीएल में खेलने वाले धवन को भी आगे अपने स्ट्राइक रेट में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने खुद ही स्वीकार किया था कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी धीमी रही थी। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं।



# KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

nirf RANKING 2023 | Ranked in Top 101-150 Universities | NAAC GRADE B+



# HURRY UP!

## TO JOIN US, CRACK OUR ENTRANCE EXAMINATION FOR ADMISSION IN 2024-25

## KALSEE
(Kalinga Scholastic Entrance Examination)

## KAL-MAT
(Kalinga Management Aptitude Test)

## DEPARTMENTS
- ARTS & HUMANITIES
- COMMERCE
- DESIGN
- ENGINEERING
- EDUCATION
- INFORMATION TECHNOLOGY
- LAW
- LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
- MANAGEMENT
- PHARMACY
- RESEARCH
- SCIENCE
- YOGA

www.kalingauniversity.ac.in I admissions@kalingauniversity.ac.in

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE QR CODE




# आईईडी की चपेट से गंभीर ग्रामीण को नक्सलियों ने बनाया था बंधक, 17 दिन बाद किया रिहा

## ब्लास्ट की चपेट में आने से दोनों पैर में चोटें, बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

पखवाड़ेभर से अधिक समय तक नक्सलियों के चंगुल में रहे ग्रामीण को नक्सलियों ने रिहा कर दिया है। ग्रामीण आईईडी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद नक्सलियों ने उसे बंधक बनाकर अपने साथ लेकर चले गए थे।

जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले के नैमेड़ थाना क्षेत्र के ग्राम कचिलवार निवासी गुड्डू लेकाम 18 वर्ष निजी काम से चेरला तेलंगाना गया हुआ था। तेलगांना से 11 मार्च को वह वापस अपने घर ग्राम कचिलवार आने के लिए पैदल ही जंगल के रास्ते वापस आ रहा था। इतावर गांव के पास पहुंचा ही था कि शाम लगभग 7:30 बजे के आसपास नक्सलियों द्वारा पुलिस को जान से मारने व नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाए गए आईडी बम की चपेट में आ गया। आईईडी की चपेट में आने से उसके दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गए। घायल होने के बाद भी नक्सली उसे बंधक बनाकर अपने साथ लेकर चले गए। 28 मार्च तक उसे अपने पास बंधक बनाकर रखे थे।



### लाचार ग्रामीण को बनाया था बंधक

सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से ग्रामीण गुड्डू लेकाम गंभीर रूप से घायल हो गया था। नक्सलियों द्वारा उसे बंधक बनाना उनके अमानवीय, आधारहीन विचारधारा व शोषण का परिचायक है। लाचार ग्रामीण को बधंक बनाकर रखे थे। ग्रामीण को बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर कराया गया है।

-सुंदरराज पी, आईजी, बस्तर

### परिवार का इकलौता कमाने वाला शख्स

इसकी खबर लगने के बाद परिजनों ने गांव के प्रमुख लोगों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीण व परिजनों ने नक्सलियों से गुहार लगाकर उसे अपने साथ लेकर आए। घायल गुड्डू को इतावर से वापस लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया गया है। मामले में नैमेड़ पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। जानकारी के मुताबिक गुड्डू अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला शख्स था, जिसके घायल होने पर अब परिजनों में मायूसी देखी जा रही है।

# कार से आए घास खिलाई बकरा चोरी कर हुए फरार

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में बकरा चोरी का मामला सामने आया है। तीन युवकों पर रात में कार से दो बकरे चुराकर ले जाने का आरोप लगा है। चोरी से पहले उन्होंने पहले बकरे को घास खिलाई फिर उन्हें अपनी कार में भरकर फरार हो गए। सुबह मालिक को पता चला तो उसने एफआईआर दर्ज करवा दी. जिसपर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी चेक किए तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। दरअसल, आरोपी युवक एक निकाह में शामिल होने पहुंचे थे। तभी बिरयानी खाते वक्त बगल में शोएब के घर मे बंधे बकरे उनकी नजर में चढ़ गए। उस समय तो तीनों निकाह सामारोह से चुपचाप वापस चले आए। लेकिन अगले दिन वह सेंट्रो कार से रात में शोएब के घर जा पहुंचे। फिर चुपके से दोनों बकरों को घास खिलाई। उसके बाद घास दिखाते-दिखाते उन्हें बाहर लेकर आए और कार में भरकर रफूचक्कर हो गए।

अगली सुबह जब शोएब ने बकरे गायब देखे तो उसने अनवरगंज थाने में चोरी की एफआईआर दर्ज कराई। उसके घर से दो सफेद बकरे चोरी हो गए थे।

# दुनिया में पहली बार चिप्स के पैकेट से बनाया चश्मा

## शार्क ने बांधे तारीफों के पुल, दिए 75 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपने ये तो अक्सर सुना होगा कि चिप्स से सेहत खराब होती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनसे हमारा पर्यावरण भी खराब हो रहा है? चिप्स के पैकेट एमएलपी यानी मल्टी लेयर प्लास्टिक से बने होते हैं, जिसे रीसाइकिल करना नामुमकिन है। अभी जो लोग इसे रीसाइकिल कर रहे हैं, वह या तो इसे जला रहे हैं या फिर इसका फॉर्म बदल कर उसकी शेल्फ लाइफ बढ़ा रहे हैं। हर साल करीब 38 लाख टन एमएलपी पैदा होता है, जो सीधे लैंडफिल और समुद्रों की ओर जा रहा है। इसी समस्या से निजात दिलाने के लिए अनीष किशोर मालपानी ने फरवरी 2021 में एक स्टार्टअप विदाउट की शुरुआत की। फरवरी 2021 में अनीष ने पुणे में एक लैब शुरू की और रिसर्च करने लगे। काफी समय तक रिसर्च के बाद उन्होंने एक टेक्नोलॉजी ढूंढ निकालनी, जिसके चलते एमएलपी की सारी लेयर को



अलग किया जा सकता है। अनीष दावा करते हैं कि दुनिया में अभी तक यह काम कोई दूसरा नहीं कर रहा है और कंपनी इस टेक्नोलॉजी को पेटेंट भी कराना चाहती है।

भारत में पैदा हुए अनीष जैन 9 साल तक यहीं रहे, लेकिन उसके बाद उनके पिता की नौकरी दुबई में लग गई, तो वह वहां चले गए। अनीष ने अपनी अंडरग्रेजुएशन अमेरिका का टेक्सस यूनिवर्सिटी से स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में की. वहां से वह 2016 में न्यूयॉर्क चले गए, जहां एक कंपनी में वह डायरेक्टर भी बन गए। नौकरी अच्छी थी, सैलरी अच्छी थी, लेकिन कुछ कमी सी लगती थी।

### दुनिया की पहली ऐसी टेक्नोलॉजी

इस बिजनेस को शुरू करने से लिए अनीष ने अपनी खुद की लगभग 1.8 करोड़ रुपये की कमाई भी लगा दी. इसके लिए उन्होंने वेबसाइट बनाई। उन्हें केमिस्ट्री का बहुत ज्यादा ज्ञान नहीं है, तो उन्होंने एक ऐसा शख्स हायर किया, जिसने केमिस्ट्री में पीएचडी किया है। अनीष बताते हैं कि 1 फरवरी 2021 को उन्होंने पुणे की लैब में दो डेस्क, दो कुर्सी और कुछ चिप्स के पैकेट के साथ काम करना शुरू किया था। इसके तहत उन्होंने खुद ही एक रिएक्टर भी बनाया, जिससे चिप्स के पैकेट को रीसाइकिल कर के उससे प्लास्टिक के पैलेट बनाए जाते हैं। अनीष का दावा है कि इस टेक्नोलॉजी के जरिए 90-95 फीसदी तक का वेस्ट आप रीसाइकिल कर सकते हैं, जो दुनिया में अभी तक किसी ने नहीं किया है।

### क्या है कमाई और चश्मों की कीमत?

अनीष बताते हैं कि 6 दिन में उनके 500 सनग्लास बिक गए और 1 महीने में 1000 बिक गए। ये बेचने से जो पैसे मिलेंगे, वह रिसर्च के लिए ऑक्सीजन का काम करेंगे। इनके चश्मे 1000 रुपये से लेकर 2500 रुपये तक के हैं। भविष्य में बड़ा इंपैक्ट लाने के लिए अनीष एक एमएलपी रीसाइकिलिंग प्लांट बना रहे हैं। अभी वह हर रोज करीब 5-10 किलो एमएलपी रीसाइकिल करते हैं, लेकिन आने वाले वक्त में वह हर रोज 50-100 किलो तक एमएलपी रीसाइकिल करना चाहते हैं।






















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com